




## डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर की नई पेशकश

PCGRERA080524001773

# चितवन फार्म हाउस दे रहा है स्वच्छ वातावरण में प्रकृति के बीच रहने का अहसास

**बिलासपुर। डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर ने एक नई पेशकश की शुरुआत की है। इसके तहत डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर चितवन फार्म हाउस में लोगों को प्रकृति के बीच रहने का एहसास दिला रहा है।**

गोल्ड फार्म की अपार सफलता के बाद डीसीटी रियल स्टेट ने चितवन फार्म हाउस की नई सौगात शहरवासियों को देने की शुरुआत की है, जहां लोग प्रकृति के बीच शांति भरे वातावरण में निवास कर सकें। यह रायपुर रोड का पहला और एकमात्र फार्म हाउस प्रोजेक्ट है, जिसकी नेशनल रोड से जुड़े होने के कारण लोगों के बीच इसकी अच्छी मांग बढ़ रही है। डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर शहर का जाना पहचाना और विश्वसनीय नाम है। कंपनी द्वारा निर्मित गोल्ड फार्म को लोगों द्वारा काफी पसंद किया गया है। लोगों की विश्वसनीयता को देखते हुए रायपुर रोड स्थित ग्राम मोहदा मोड़ के पास चितवन फार्म की शुरुआत की जा रही है, जहां योगा, मोडिटेशन जोन, किड्स प्ले एरिया, स्वीमिंग पूल, बास्केटबाल व बैडमिंटन कोर्ट, फाइव ए साईड फुटबाल, फाइव ए साइड क्रिकेट, पिकनिक स्पॉट, मंदिर, 24 घंटे बिजली एवं पानी सप्लाई, सुरक्षा के लिए सीसीटीवी सिक्यूरिटी, होम मेंटेनेंस एंड मैनेजमेंट के अलावा अन्य आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके साथ ही पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल की गई है। चितवन फार्म के एंट्री गेट को भव्य और आकर्षक बनाया गया है, जो लोगों को शहर से अलग होने का अहसास दिलाता है। यह प्रोजेक्ट रायपुर रोड का पहला और एकमात्र फार्म हाउस है, जो पूरी तरह टीएंडसी यानि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग एप्रूव्ड है।

DCT Real Estate Developers
प्रॉपर्टी मतलब DCT
ISO Certified 9001-2015




### आधुनिकता के साथ हरियाली एवं शांत वातावरण

शहर में भीड़भाड़ और पर्यावरण प्रदूषण के कारण ज्यादातर लोग बाहर की कालोनियों में फ्लैट और निवास कर रहे हैं। लोग अपनी छुट्टियां बिताने के लिए परिवार सहित किसी शांत वातावरण में जाना पसंद करते हैं। चितवन फार्म लोगों को इस तरह की सौगात दे रहा है। यहां फार्म हाउस में आधुनिकता के बीच ग्रीनरी एवं शांत वातावरण है, जहां लोग परिवार के साथ वेकेशन पर जा सकते हैं।

### रायपुर रोड में निवेश

वर्तमान में बिलासपुर परिक्षेत्र में निवेश हेतु रायपुर रोड सबसे उपर्युक्त स्थान है इसका कारण बढ़ते हुए क्षेत्र का विकास व भूमि के बढ़ते मूल्य है। आज से 10 वर्ष पूर्व जिन्होंने इस मार्ग में निवेश किया था आज उनकी भूमि की कीमत तीन से चार गुना बढ़ चुकी है। सर्किल रेट में भी वृद्धि क्षेत्र की हुई है। आज सबसे अधिक रिहायसी कॉलोनी भी इसी मार्ग में आते हैं।

### डेमो रेडी बुकिंग शुरू

मोहदा मोड़ भोजपुरी टोल प्लाजा नेशनल हाईवे पर स्थित चितवन फार्म हाउस में 170 से अधिक फार्म हाउस का डेमो रेडी हो चुका है। यह फार्म हाउस लोगों को काफी आकर्षित कर रहा है। इस फार्म हाउस में लोगों का पहुंचना भी शुरू हो गया है, जहां वीकेंड और अन्य कार्यक्रम के लिए बुकिंग की शुरुआत भी शुरू हो चुकी है।

### सामाजिक और शहरी जीवन का संगम

शहर से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित भोजपुरी टोल प्लाजा के पास बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे रोड सबसे अधिक व्यस्ततम रोड में से एक हो चुका है।

बिलासपुर के आसपास कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां वीकेंड प्लान करने के लिए लोग जा सकें। लोगों के सपनों को साकार करने के लिए चितवन फार्म एक सामाजिक और शहरी जीवन का संगम है। यहां लोग अपनी पार्टियों को मनाने के अलावा अन्य कार्यक्रम का आयोजन भी कर सकते हैं।

*चितवन फ़ॉर्म सिर्फ़ एक प्लॉट नहीं यह एक मंजिल है, सपनों की, आपके अपनो की, हर दिन को ख़ास बनाने की, ज़िन्दगी को खुशहाल बनाने की शहर से जुड़ा, पर भीड़-भाड़ से जुदा-एयरपोर्ट, हाईकोर्ट, बस स्टैंड... सब कुछ नज़दीक, फिर भी एकदम शांत, यहाँ हर सुविधा है और आपकी हर खुशी की वजह भी है.*

RERA APPROVED

### ग्राहकों की संतुष्टि जरूरी



राजेन्द्र सिंह राजपूत
डॉयरेक्टर

डीसीटी के जो भी प्रोजेक्ट शुरू किए जाते हैं, वह सभी रेरा और टीएंडसी से एप्रुवड होते हैं। इन सभी स्थानों पर हरियाली और सड़क, नाली, बिजली, पानी व अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाता है। इससे पहले बिलासपुर वासियों के लिए कृष्णापुरम, गोल्ड फार्म जैसे प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक किया गया है। सबसे बड़ी बात है कि ग्राहकों अगर संतुष्ट होते हैं तो ही हमारा उद्देश्य पूरा होता है।

## आधुनिक जीवन शैली का समावेश प्रकृति के साथ

डीसीटी रियल स्टेट डेवलपर ने इससे पहले भी कई प्रोजेक्ट पर कार्य किया है।

मोहदा मोड़ भोजपुरी टोल प्लाजा नेशनल हाईवे 130 बिलासपुर-रायपुर रोड के पहले कृष्णापुरम आवासीय कालोनी बनाई गई थी, जहां रहने वाले लोगों को सारी सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। इसी तरह अब चितवन फार्म हाउस में शानदार तरीके से कार्य किया गया है, जहां शानदार और आकर्षक एंट्री गेट के अलावा समय बिताने के लिए फार्म हाउस एवं स्वीमिंग पुल की भी सुविधा है। यहां लोग स्वीमिंग क्लब का उपयोग करने के साथ लाइफ प्लान कर सकते हैं।









**Contact for Site Visit & Booking : 6264883066, 7470886613**

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
प्रापर्टी भूमि
साकार होगा सपना
घर हो अपना ...
बिलासपुर, रविवार 30 नवंबर 2025



# लोगों को मिलेंगे किफायती दाम पर फ्लैट्स

साकेत अपार्टमेंट और मेन्स मीडोज की अपार सफलता के बाद लोगों के लिए **मेन्स नमन रेसिडेंसी** एक नई पेशकश की जा रही है, जिसके तहत अशोक नगर में 176 फ्लैट्स का सर्वसुविधा युक्त बहु मंजिला आवासीय परिसर बनाया जा रहा है। इसमें लोग रहने के बाद अपने अधूरे सपनों को पूरा कर सकेंगे। मेन्स कंस्ट्रक्शन बिल्डर्स एंड डेवलपर्स शहर और आसपास के एरिया में शानदार और मजबूत फ्लैट्स का निर्माण कर चुकी है।



## अशोक नगर की नई पहचान

बिलासपुर का भूगोल पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बदल रहा है जहां पहले शहर केंद्रित था अब शहर आउटर की ओर बढ़ रहा है जिसमें अशोक नगर सरकंडा एरिया सबसे बड़े शहर के रूप में उभर रहा है अब यही विकास की धारा सभी ओर बढ़ चुकी है परिवर्तन का सबसे बड़ा उदाहरण है मेंस नमन रेसिडेंसी बिलासपुर का सबसे तेजी से विकसित हो रहा रियल एस्टेट बन चुका है। साफ सुथरा वातावरण विस्तृत हरियाली चौड़ी सड़के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। कभी आउटर कहे जाने वाला इलाका आज बिलासपुर सिटी का नये शहर के रूप में नई पहचान बना रहा है।

## टीएंडसी से एप्रूवड

**मेन्स रेसिडेंसी** में बनाए जा रहे 176 फ्लैट्स की सर्व सुविधायुक्त बहुमंजिला आवासीय परिसर हैं, जिसमें बनाए गए 1/2 बीएचके एफोर्डेबल फ्लैट्स व अन्य निर्माण कार्य टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और रेरा से एप्रुवड हैं। यहां बनाए गए फ्लैट्स का मजबूत निर्माण कार्य किया गया है, जिसे लोगों को किफायती दाम में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इसमें फ्लैट्स लेने वाले लोग कार्यालय में आने के साथ ही आनलाइन रजिट्रेशन कर बुकिंग कर सकते हैं।

यहां लोगों को भी काफी सुविधाएं मिल रही है। सबसे बड़ी बात है कि इन फ्लैट्स को शहर के अंदर बनाया गया है, जिसमें आकर्षक एंट्री गेट के अलावा अन्य सुविधाएं भी दी गई हैं। अब तक मेन्स कंस्ट्रक्शन बिल्डर्स एंड डेवलपर्स की ओर से अग्रसेन चौक में साकेत अपार्टमेंट और भारतीय नगर में मेन्स मीडोज़ जैसे फ्लैट्स का भव्य निर्माण किया जा चुका है। इसमें बनाए गए सारे फ्लैट्स बनने से पहले ही बुकिंग किए जा चुके थे। यहां वर्तमान में बनाए गए सारे फ्लैट्स में वर्षों से परिवार निवासरत् है। इसी कड़ी में लोगों के अधूरे सपनों को पूरा करने और प्रापर्टी में निवेश करने वालों के लिए एक नया आवासीय परिसर **मेन्स नमन रेसिडेंसी** बनाया जा रहा है। यह परिसर अशोक नगर पानी टंकी के पास सरकंडा में बन रहा है, जहां करीब 176 फ्लैट्स की सर्वसुविधा युक्त बहुमंजिला आवासीय परिसर का निर्माण हो रहा है।

## सुरक्षा की सारी व्यवस्था

मेन्स कंस्ट्रक्शन बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स के संचालक के अनुसार अशोक नगर पानी टंकी के पास निर्माणाधीन मेन्स नमन रेसिडेंसी में सुरक्षा की सारी व्यवस्था की गई है। इसमें सप्ताह में सातों दिन 24 घंटे सुरक्षा गार्ड, सीसीटीवी कैमरे, पार्किंग की सुविधा, परिसर में सीसी रोड, हाई स्पीड लिफ्ट की सुविधा, सातों दिन 24 घंटे पानी की सुविधा, लिफ्ट व कॉमन एरिया में पॉवर ब्रेकअप, परिसर में स्ट्रीट लाईट, पूर्ण विकसित गार्डन व बच्चों के खेलने के उपकरण एवं ड्रेनेज सिस्टम लगाए गए हैं।

## मजबूत निर्माण कार्य

मेन्स कंस्ट्रक्शन बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स के संचालक के अनुसार पूर्व में निर्माण किए गए साकेत अपार्टमेंट और मेन्स मीडोज़ में रहने वाले लोगों का उन्हें अच्छा प्रतिसाद मिला है। यहां रहने वाले लोगों को बिजली, पानी, सड़क की सारी सुविधाएं भी दी गई है। इसी तरह एक नए प्रोजेक्ट की शुरुआत मेन्स नमन रेसिडेंसी के रूप अशोक नगर पानी टंकी के पास में की गई है, जिसका मजबूत निर्माण किया जा रहा है।

**वर्तमान चित्र**



साकेत अपार्टमेंट और मेन्स मीडोज़
जैसे भव्य निर्माणों की अगली कड़ी

मेन्स नमन रेसिडेंसी

बेहतरीन लोकेशन | मजबूत निर्माण | सबसे किफायती दाम



साईट पता : अशोक नगर, पानी टंकी के पास सरकण्डा, बिलासपुर

1 & 2 BHK प्रीमियम अपार्टमेंट्स
सिर्फ ₹ 21.50 लाख से शुरु

आसान फायनेंस सुविधा

176 अत्याधुनिक एवं सर्व-सुविधायुक्त फ्लैट्स
24/7 सिक्योरिटी | पावर बैकअप | किड्स प्ले एरिया | गेटेज कम्युनिटी | प्राईम लोकेशन

T&C APPROVED

बुकिंग के लिए हमसे संपर्क करें
9926900549, 9424164567, 9926900536
कार्यालय : मेन्स कंस्ट्रक्शन, कुबेर प्लाजा, प्रथम तल, दुकान नंबर 29-31, अग्रसेन चौक, बिलासपुर (छ.ग.)

हरिभूमि
प्रॉपर्टी भूमि
साकार होगा सपना
घर हो अपना ...
बिलासपुर, रविवार 30 नवंबर 2025



# बिलासपुर का क्रॉऊन न्यू टॉउन

ORA MAKERS — Own your real asset.








बिलासपुर। शहर के रियल एस्टेट सेक्टर में एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। लगभग 45 एकड़ में विकसित होने वाला यह भव्य टाउनशिप न केवल रहने की दृष्टि से श्रेष्ठ है, भविष्य में 100 एकड़ तक विकसित होने की संभावना है। बल्कि निवेश के लिए भी एक बेहतरीन अवसर प्रस्तुत करता है। आधुनिक डिजाइन, प्राकृतिक सौंदर्य और सुरक्षित वातावरण से सुसज्जित यह प्रोजेक्ट बिलासपुर की प्रीमियम लाइफस्टाइल को एक नई पहचान देगा।



## प्रोजेक्ट के विज़न पर एक नज़र

टाउनशिप को "भविष्य के शहर" की अवधारणा पर आधारित कर तैयार किया जा रहा है, जहां हर सुविधा पैदल दूरी पर और जीवनशैली अंतरराष्ट्रीय स्तर की होगी। डेवलपर्स का कहना है—"हमारा लक्ष्य सिर्फ मकान देना नहीं, बल्कि एक ऐसा वातावरण तैयार करना है जहां हर परिवार सुरक्षित, खुशहाल और गुणवत्तापूर्ण जीवन जी सके।"

## विशेष आकर्षण एवं आधुनिक सुविधाएँ

भव्य प्रवेश द्वार जो शुरुआत में ही प्रोजेक्ट की प्रीमियम क्वालिटी दर्शाता हैखूबसूरत लैंडस्केप गार्डन, फूलों का ज़ोन, फव्वारे और हरियाली से भरा वातावरण बच्चों के लिए सुरक्षित प्ले एरिया, फैमिली बैठने की जगह, और जॉगिंग ट्रैक पूरी टाउनशिप में कंक्रीट सड़कें और सुव्यवस्थित फुटपाथ शांतिपूर्ण वातावरण प्रदान करता भव्य मंदिर अंडरग्राउंड सीवरेज सिस्टम, उन्नत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट निर्बाध बिजली के लिए अलग ट्रांसफॉर्मर और मजबूत इलेक्ट्रिफिकेशन, स्ट्रीट लाइट्स से रोशन संपूर्ण परिसर पर्यावरण संरक्षण हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम रजिस्टर्ड सोसाइटी और समर्पित सोसाइटी कार्यालिय पूरी तरह से सुरक्षित वातावरण के लिए 24×7 सुरक्षा व्यवस्था।

## निवेश के लिए सुनहरा अवसर

रियल एस्टेट विशेषज्ञों का मानना है कि बिलासपुर में तेजी से बढ़ते विकास के कारण यह टाउनशिप भविष्य में अत्यधिक मूल्यवान साबित होगी।बढ़ता शहरप्रमुख लोकेशनों की बढ़ती मांग सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण प्रोजेक्ट इन कारणों से यह निवेशकों के लिए भी एक शानदार मौका है।

## लोकेशन का बड़ा फायदा

इस प्रोजेक्ट की लोकेशन इसे और भी खास बनाती है। प्रमुख स्कूलों और कॉलेजों के करीब मुख्य बाज़ार और सुविधाओं तक आसान पहुंच शहर के महत्वपूर्ण स्थानों से सुगम कनेक्टिविटी शांत, स्वच्छ और प्रदूषण-मुक्त वातावरण। सभी बातें इसे परिवारों और निवेशकों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती हैं।

## क्लब न्यू टाउन – प्रोजेक्ट का दिल

इस टाउनशिप का भव्य क्लबहाउस आधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा, जो हर आयु वर्ग को ध्यान में रखकर बनाया गया है।यहां की सुविधाएँ जीवनशैली मेंखुशी, आराम, मनोरंजन और वेलनेस का सुंदर संतुलन लाने के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

## विश्वसनीय बैंक फाइनेंस की सुविधा


इस विशाल और आधुनिक टाउनशिप को वित्तीय संस्थानों का भी मजबूत सहयोग प्राप्त है। प्रोजेक्ट के लिए देश के तीन प्रमुख बैंक—SBI, HDFC और ICICI Bank—द्वारा होम लोन फाइनेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।सरल दस्तावेज़ प्रक्रिया, तेज़ स्वीकृति और आकर्षक ब्याज दरों के साथ यह प्रोजेक्ट निवेशकों व खरीदारों के लिए और भी अधिक सुविधाजनक तथा विश्वसनीय विकल्प बन जाता है।

**निष्कर्ष: यह टाउनशिप केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि एक भविष्य-सुरक्षित, आत्मनिर्भर और अत्याधुनिक जीवनशैली का प्रतिरूप है। "यह सिर्फ एक घर नहीं एक अनुभव है—जिसे हर कोई अपने नाम करना चाहेगा।"**

Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in

ORA MAKERS
Own your real asset.





WORLD CLASS AMENITIES
A MASTERPIECE BUILT FOR THE MODERN ELITE
CLASSICAL FROM OUTSIDE. MODERN FROM INSIDE.

A PREMIUM TOWNSHIP OF
2,3,4 & 5 BHK
INDEPENDENT BUNGALOWS & DEVELOPED PLOTS

Grand Entrance Gate - A majestic welcome every day
Modern Garden Spaces – Thoughtfully planned for leisure
Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
Fully Equipped Gymnasium – Stay fit and active
Lavish Swimming Pool with Kids' Pool – Fun for all ages
Indoor & Outdoor Games – Recreation at your doorstep
Yoga, Meditation & Jogging Spaces – Wellness made easy

09893113444/ 9893128333

New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden,
4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)







# खुशियों का नया पता है अलास्का होम्स

## बिलासपुर में बनाएं अपने सपनों का घर

**बिलासपुर। अगर लोग अपने सपनों का आशियाना बनाने की सोच रहे हैं, तो उनकी खुशियों का नया पता ढूंढने की आवश्यकता नहीं है। अलास्का होम्स में उन्हें सारी खुशियों के साथ अन्य सुविधाएं भी मिल सकती है।**

अलास्का होम्स एक नया प्रोजेक्ट लेकर आ रहा है। अगर कोई शहर में अपने सपनों का आशियना बनाना चाहता है तो उन्हें इसके लिए कहीं बाहर जाने की जरुरत नहीं है।

अलास्का होम्स बिजौर-बहतराई रोड के बीच में 13 एकड़ के क्षेत्र में रेरा एप्रूव्ड बेहतरीन टाउनशिप शुरू कर रहा है, जिसमें लोग निवेश कर सकते हैं। यह कालोनी पूरी तरह से शासन के नियमों का पालन करते हुए विकसित की जा रही है, जिसमें मजबूत स्ट्रक्चर और इंजीनियरों की देखरेख में शानदार मकान का निर्माण हो रहा है। अलास्का होम्स लोगों की जरूरतों को पूरा करते हुए टीएनसी यानि टाउन एंड कंट्री प्लानिंग रेरा से स्वीकृत प्रोजेक्ट है, जो हरियाली से पूर्ण स्थान पर स्थित है। ग्राहकों की पसंद के अनुरूप यहां सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है, जिसका अलास्का होम्स में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। यहां बनाए गए मकानों की बुकिंग के लिए ग्राहकों की होड़ लग गई है। शीघ्र ही लोग अपने मनपसंद आवास की बुकिंग करा सकते हैं। यह शहर के नजदीक होने के साथ मुख्य बाजार, हास्पिटल व स्कूल के काफी नजदीक है, जिससे लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

A Project By
M/s Maa Shanti Construction

### स्वतंत्र आवासीय कालोनी

संचालक अनुराग शुक्ला एवं आनंद सोमावार ने बताया कि अलास्का होम्स में 141 मकानों की स्वतंत्र आवासीय कालोनी है, जिसे आम नागरिकों की सभी मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है। सुरक्षागत कारणों से सीसीटीवी कैमरे व सुरक्षा गार्ड की व्यवस्था भी की गई है। रात में स्ट्रीट लाइट पूरी कालोनी में उपलब्ध है। अलास्का होम्स के हर घर में वाटर हार्वेस्टिंग की सुविधा दी जा रही है, जिससे जमीन पर जल संचय अधिक से अधिक होगा। प्रतिवर्ष हजारों लीटर पानी बरसात में अलास्का होम्स के भूमिगत जल स्तर में बढ़ोत्तरी के लिए प्रयोग किया जा रहा है।



वास्तविक फोटो




PCGRERA
PCGRERA081119001062

**Loan Available in All Nationalized Banks...**

State Bank of India — THE BANKER TO EVERY INDIAN
HDFC HOME LOANS — WITH YOU, RIGHT THROUGH
MEMBER OF CREDAI

### पाइए किराए के घर से आजादी अपने घर की अपनी बात

हर किसी का सपना होता है कि उसका खुद का घर हो। किराए के घर से निकलकर अपना घर लेना-यह सिर्फ एक निवेश नहीं, बल्कि जिंदगी का सबसे बड़ा संतोष है। बिजौर बहतराई रोड पर माँ शांति कंस्ट्रक्शन की एक ऐसी योजना हैं जो इस सपने को पूरा करने में मदद करती हैं। बढ़ती महंगाई के बीच जब बिल्डर्स और सरकारी एजेंसियां सस्ते ब्याज दरों, लचीली EMI योजनाओं और पार्क, मंदिर जैसी सुविधाओं के साथ प्रोजेक्ट्स लेकर आ रही हैं, तो आम आदमी का सपना सच होता नजर आता है। आज बिलासपुर के कई परिवारों ने पहली बार अपना घर अलास्का होम्स में खरीदा है। "अच्छी नौकरी है, ठीक-ठाक सैलरी है, लेकिन अब भी किराए के घर में रहते हैं-यह वाक्य अब कई लोगों के जीवन से मिटता जा रहा है।

### रेरा से स्वीकृत प्रोजेक्ट



अलास्का होम्स के संचालक अनुराग शुक्ला व आनंद सोमवार ने बताया कि बहतराई-बिजौर पर स्थित 13 एकड़ में करीब 141 से अधिक मकान बनाए जा रहे हैं। इस स्वतंत्र आवासीय कालोनी में बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। यह शहर के करीब होने के साथ-साथ मुख्य बाजार, हास्पिटल एवं स्कूल के काफी नजदीक है। निर्मित आवासीय परिसर सभी शासकीय विभागों से अनुमति प्राप्त एवं टीएनसी रेरा से स्वीकृत प्रोजेक्ट है।

### 40 फीट का मुख्य मार्ग



अलास्का होम्स में मकान लेने के बाद रहने वाले लोगों को भी काफी सुविधाएं मिलेगी। बहतराई से बिजौर मार्ग पर बनाए जा रहे इस कॉलोनी में रहने वाले लोगों के लिए कालोनी एंट्री गेट के मुख्य मार्ग को 40 फीट का बनाया गया है। जो कॉलोनी में प्रवेश के लिए सुविधा जनक है और भव्यता का एहसास करता है। वहीं 30 फीट आंतरिक मार्ग कंक्रीट से बनाया गया एक बड़ा सा गार्डन भी स्थित है।

### योग के लिए ग्रीन गार्डन



अलास्का होम्स में निवास करने वाले लोगों के लिए अन्य सुविधाएं भी दी गई है, जिसमें एक भव्य मंदिर के साथ बच्चों के मनोरंजन की सुविधा, योग के लिए गार्डन, 24 घंटे बिजली पानी की व्यवस्था, अंडरग्राउंड नाली जिसमें मच्छर मक्खियां न आ सकें। अलास्का होम्स के पास ही बिरला पब्लिक स्कूल, ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल और वाटर पार्क भी स्थित है। यहां वर्तमान में 30 से अधिक खुशहाल परिवार निवासरत हैं।

### 10 मीटर की दूरी पर मार्केट



बिजौर से बहतराई के बीच में बनाए गए अलास्का होम्स में आवासीय स्वतंत्र मकान लोगों के बेहतर सुविधा के लिए बनाए गए हैं। अलास्का होम्स से लगा हुआ ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल, अपोलो हास्पिटल की दूरी 5 से 10 मिनट, बाजार की दूरी 10 मिनट की, रेलवे स्टेशन की दूरी 15 मिनट की, साइंस कालेज, नवीन कन्या महाविद्यालय की दूरी 5 मिनट की है।

**Contact for Site Visit & Booking : 70899-99550, 70499-99550**

तापमान

अधिकतम 24 डिग्री

न्यूनतम 11 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 30 नवंबर 2025

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



4 एग्रोस्टेक गिरदावरी में रकबे में हुई कटौती के सुधार को लेकर किसान परेशान




## खबर संक्षेप

### विधायक राजवाड़े की बिगड़ी तबीयत, रायपुर में इलाज



**बैकुण्ठपुर।** क्षेत्रीय विधायक भईयालाल राजवाड़े का स्वास्थ्य खराब होने पर रायपुर स्थित इटसा सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल में भर्ती किया गया था, जहां उनका स्वास्थ्य अब सामान्य हो गया है। फिलहाल विधायक श्री राजावाड़े उक्त हॉस्पिटल में भर्ती है और स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। विधायक श्री राजवाडे का स्वास्थ्य होने की खबर के बाद उनके शुभचिंतक लगातार अस्पताल पहुंच कर कुशलक्षेम जान रहे हैं।

### मृतक के परिजन को मिली 25 हजार की फौरी मदद



**बैकुण्ठपुर।** बीते दिनों रात्रि में जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम विशुनपुर में हाथियों के दल ने एक बुजुर्ग पण्डो को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। घटना के दूसरे दिन क्षेत्र के जनपद सदस्य एवं वन समिति जनपद पंचायत बैकुंठपुर श्रीमती धर्मवती राजवाड़े ने मृतक परिवार से मिलकर अंतिम संस्कार के लिए तत्काल मुआवजा राशि 25 हजार रूपए दिलवाया। इस दौरान वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे। विदित हो कि बीती रात्रि जनपद बैकुंठपुर के ग्राम विशुनपुर में विशेष संरक्षित आदिवासी पण्डो परिवार के फूलसाय पण्डो को हाथियों के दल ने कुचलकर मार डाला था।

### पटना के प्रभारी सीएमओ बने संजय

**बैकुण्ठपुर।** नगर पंचायत पटना के मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निलंबन के बाद बैकुंठपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय दुबे को नगर पंचायत पटना का मुख्य नगर पालिका अधिकारी का प्रभार सौंपा गया। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास सरगुजा संभाग के संचालक ने 28 नवंबर को आदेश जारी कर प्रशासनिक व्यवस्था के तहत संजय दुबे प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैकुंठपुर को अपने कर्त्तव्यों के साथ-साथ मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पटना के दायित्वों का संपादन करने के लिए आगामी आदेश पर्यंत के लिए अधिकृत किया।



### संचालक पर अपराध दर्ज, अंगूठा लगवाकर किया फर्जी वितरण, तेंदुआ का मामला

# पीडीएस दुकान में 11 लाख का खाद्यान्न घोटाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के पटना थाना अंतर्गत ग्राम तेंदुआ स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में बड़े पैमाने पर खाद्यान्न व्यपवर्तन (डाइवर्जन) का मामला सामने आया है।

खाद्य निरीक्षक एवं नायब तहसीलदार की संयुक्त जांच में दुकान के स्टॉक से करीब 10.95 लाख रूपए मूल्य का चावल और नमक गायब पाया गया। मामले में दुकान संचालक रमाशंकर साहू के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच टीम ने 24 से 26 नवंबर के बीच दुकान का भौतिक सत्यापन किया। रिपोर्ट के मुताबिक चावल 275.08 क्विंटल कम, मूल्य लगभग 10,86,816 रूपए, नमक 7.73 क्विंटल कम, मूल्य लगभग 8,028 रूपए आंकी गई है। कुल मिलाकर 10,94,845 का खाद्यान्न दुकान स्टॉक में कम पाया गया। जांच में यह भी सामने आया कि विक्रेता रमाशंकर साहू दुकान को नियमित रूप से नहीं खोलते थे और कई हितग्राहियों से बिना अनाज दिए ही अंगूठा लगवाकर वितरण दिखा दिया जाता था। यह सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) नियंत्रण आदेश 2016 की कंडिका 11(5), 11(11), 12(3), 13(1), 13(2) और 15 का गंभीर उल्लंघन पाया गया। पूरी जांच रिपोर्ट खाद्य निरीक्षक सुश्री अनिता द्वारा प्रस्तुत की गई थी, जिसके आधार पर कलेक्टर कार्यालय ने दुकान संचालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराने का निर्देश दिया। थाना पटना में मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी ने मामले में अपराध पंजीबद्ध करते हुए प्रधान आरक्षक सतेन्द्र तिवारी को विवेचना सौंपी है। पुलिस अब खाद्यान्न व्यपवर्तन के पूरे तंत्र की जांच करेगी।




ग्राम तेंदुआ की पीडीएस दुकान।

### फरार चोरी आरोपी गिरफ्तार, पोड़ी पुलिस को सफलता

**वेस्ट चिरमिरी।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देशन में जिलेभर में नशीले पदार्थों व चोरी की वारदातों पर रोक लगाने पुराने मामलों की तेजी से समीक्षा की जा रही है। इसी कड़ी में नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी दीपिका मिंज के मार्गदर्शन में थाना पोड़ी की टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी पोड़ी निरीक्षक जवाहरलाल गायकवाड को समीक्षा के दौरान पता चला कि अपराध क्रमांक 67/2025, धारा 305 (1), 311(4) भारतीय न्याय संहिता का नामजद आरोपी बिनेश्वर बंसल उर्फ कल्लू निवासी वार्ड क्रमांक 1 केराडोल, लगातार फरार था और विभिन्न स्थानों पर छिपकर रह रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने चरचा थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की वारदात को स्वीकार किया, जिसके बाद पुलिस ने चोरी का माल बरामद करते हुए आवश्यक कार्रवाई की। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कार्रवाई में निरीक्षक जवाहरलाल गायकवाड़, सहायक उप निरीक्षक कमलेश पांडे, प्रधान आरक्षक सुरसेन तिर्की, आरक्षक संतोष सिंह, नवीन कुमार, यशवंत सिंह, विनय तिवारी, राजू गुप्ता, प्रदीप पांडे तथा थाना पोड़ी के अन्य कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।



## प्रदीप को फिर से मिली कोरिया कांग्रेस की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी फिर प्रदीप गुप्ता को सौंपी गई। लगातार दूसरी बार संगठन ने इन्हें जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी। इस नियुक्ति से जिले के कांग्रेसियों में हर्ष है।



- कोरिया-एमसीबी में रिपीट किए गए जिलाध्यक्ष

वहीं लगातार दूसरी बार कांग्रेस जिलाध्यक्ष बनने पर श्री गुप्ता ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान कहा कि जिस विश्वास के साथ संगठन ने उन्हें अहम जिम्मेदारी सौंपी है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस मजबूत पार्टी है, संगठन को मजबूत करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। श्री गुप्ता ने कहा कि गांव-गांव बूथ स्तर तक मजबूती पार्टी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास रहेगा। पार्टी ने मुझ पर जो भरोसा कर जिम्मेदारी सौंपी है, तो पार्टी के उच्च नेतृत्व के निर्देशन में पार्टी को मजबूत करने की दिशा में कोई कमी नहीं की जाएगी और आगामी चुनाव के लिए रणनीति बनाकर कार्य किया जाएगा। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की दिशा में प्रमुखता से कार्य किया जाएगा।

### एमसीबी कांग्रेस के पुनः अध्यक्ष बने अशोक

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के भरतपुर जिले की राजनीति और संगठनात्मक व्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार करते हुए अशोक श्रीवास्तव को एक बार फिर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष के रूप में पुर्ननियुक्त किया जाना पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। उनके लंबे राजनीतिक अनुभव, संगठन के प्रति निष्ठा, सरल और सहज व्यक्तित्व तथा कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की क्षमता ने सदैव कांग्रेस परिवार को मजबूत आधार प्रदान किया है।



श्री श्रीवास्तव का पुनः जिलाध्यक्ष के पद पर आसीन होना यह दशार्ता है कि संगठन ने उनके नेतृत्व कौशल, संघर्ष क्षमता तथा जमीनी सच्चाई से जुड़े रहने की उनकी शैली पर एक बार फिर विश्वास जताया है। वे न केवल कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक रहे हैं, बल्कि जनता की समस्याओं को सुनने और उन्हें समाधान तक पहुंचाने में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते आए हैं। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले जैसे महत्वपूर्ण और विविधतापूर्ण जिले में कांग्रेस को संगठित, सक्रिय तथा जनहितैषी दिशा प्रदान करने की जिम्मेदारी जिस विश्वास के साथ उन्हें सौंपी गई है, वह आने वाले समय में संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी।

## देवाडांड में सब स्टेशन का भूमिपूजन



भूमिपूजन करते स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

**बैकुंठपुर।** एमसीबी जिले के खड़गवां ब्लॉक के ग्राम देवाडांड़ में शनिवार को 2 करोड़ 91 लाख की लागत से नया 33/11 केवी सब स्टेशन का भूमिपूजन प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा किया गया।

सब स्टेशन के स्थापित हो जाने से देवाडांड़ क्षेत्र के दर्जनों गांव के ग्रामीणों को सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

बिजली सब स्टेशन भूमि पूजन के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि देवाडांड़ में 33/11 केवी सब स्टेशन बनने से अब ग्रामीण क्षेत्रों को स्थिर और सुचारू रूप से बिजली मिलेगी। यह क्षेत्र के बिजली ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है हमारी सरकार का लक्ष्य है कि क्षेत्र के हर परिवार को बिजली उपलब्ध कराई जाए। देवाडाड़ सब स्टेशन बन जाने से क्षेत्र के कई गांव को लाभ मिलेगा, इससे ग्राम कोचका, लकड़ापारा, गिद्धमुड़ी, देवाडांड़, सलका, सुंदरपुर, मंगोरा, पटपरियापारा, फुनगा, सरसताल, जरौंधा, सकड़ा, बहेराबांध, कटकोना, बेलाकमार को बिजली आपूर्ति का लाभ मिलेगा।

इस दौरान विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री राजेश लकड़ा, कार्यपालन यंत्री एसके खाखा, कार्यपालन यंत्री एनएस आयाम, सहायक यंत्री सुखलाल बघेल, सहायक यंत्री प्रदीप पैकरा, कनिष्ठ यंत्री मुकेश मरावी, कनिष्ठ यंत्री खिलेश्वर सिंह सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि धर्मपाल सिंह, रामलखन साहू, पूरन चौबे, सोनमती उरे के साथ काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## विश्व एड्स दिवस पर कार्यक्रम कल

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सीजीएसएसीएस, एनएसीओ तथा राष्टीय संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में 1 दिसंबर को मनेन्द्रगढ़ में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन जिले में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल स्वास्थ्य मंत्री की उपस्थिति से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और जागरूकता कार्यक्रमों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह करेंगी, इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिपं अध्यक्ष यशवंती सिंह, महापौर चिरमिरी रामनरेश राय, नपा अध्यक्ष मनेन्द्रगढ़ प्रतिमा यादव, नपं अध्यक्ष झगराखाण्ड रीमा यादव तथा नपं अध्यक्ष लेदरी बिरेन्द्र सिंह राणा उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन स्वामी विवेकानंद पीजी कॉलेज मैदान में 1 दिसंबर को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा।

## सीएमएचओ ने किया औचक निरीक्षण



**बैकुण्ठपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डाक्टर प्रशांत सिंह के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत का औचक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आरोग्य मंदिर रजौली, सिंघोर, उग्यांव का निरीक्षण कर मितानिन संकुल बैठक व ग्राम अमृतपुर में स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में आमजन को एचआरपी केस जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं, शिशु स्वास्थ एवं फैमली प्लानिंग के बारे में आवश्यक जानकारी व सुझाव दे कर अन्य राष्टीय कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनीत बखला, जिला मलेरिया सलाहकार रतनेश शुक्ला, रजनीश शुक्ला, दिलीप पांडेय, डॉ.सुषमा भगत, आरएचओ एवं मितानिन उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा वय वंदना कार्ड शत-प्रतिशत बनाने के लिए निर्देशित किया गया।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

**सोनगरा।** जरही नगर पंचायत में शुक्रवार शाम अंबिकापुर–बनारस मुख्य मार्ग पर ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद कुछ दूर तक बाइक सवार घसीटते चला गया था। पुलिस ने घटना कारित वाहन को जब्त कर चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम चंदौरा निवासी रामजनम विश्वकर्मा (43 वर्ष) शुक्रवार की शाम बाइक से जरही की ओर जा रहा था। इसी दौरान अंबिकापुर-बनारस मुख्य मार्ग पर यूपी की ओर जा रहे ट्रक क्रमांक यूपी 64 एटी 7863 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए सामने से बाइक सवार को टक्कर मार दी।

### राज्य सरकार के फैसले के खिलाफ फूंका पुतला

# जमीन की सरकारी दरों में बेतहाशा वृद्धि, कांग्रेस ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग सरकार द्वारा जमीनों की गाइड लाइन दरों में 10 से 100 प्रतिशत तक की भारी बढ़ोतरी किए जाने के विरोध में शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया ने जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के कुमार चौक में मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर प्रदर्शन किया।

भवन कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित की गई, इसमें कांग्रेस ने इसे जनता-विरोधी, किसान-विरोधी एवं रोजगार-विरोधी निर्णय बताया। जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि पूरे देश में कहीं भी एक वर्ष में 130 से 500 प्रतिशत तक गाइडलाइन नहीं बढ़ाई गई, परंतु छग में भाजपा सरकार ने रिकॉर्ड तोड़ वृद्धि कर दी है, जिससे आम जनता, किसान, छोटे व्यापारियों और रियल एस्टेट सेक्टर पर भारी आर्थिक बोझ बढ़ेगा। बढ़ी हुई गाइड लाइन से मकान, दुकान, फैक्ट्री निर्माण महंगा हो जाएगा, भूमि खरीद-बिक्री लगभग ठप हो जाएगी तथा प्रदेश में बेरोजगारी और आर्थिक मंदी गहराएगी। भाजपा सरकार ने पहले कांग्रेस शासनकाल में दी जाने वाली 30 प्रतिशत छूट समाप्त की और अब गाइडलाइन बढ़ाकर जमीनों की सरकारी कीमतें दोगुनी से भी अधिक कर दी हैं। कुछ क्षेत्रों में रजिस्ट्री शुल्क जमीन की कीमत से भी अधिक हो गया है, जिससे गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार घर बनाने का सपना नहीं देख पा रहे हैं।

कांग्रेस वक्ताओं ने कहा कि 5 डिसमिल से कम रजिस्ट्री पर प्रतिबंध, कृषि भूमि की नई गणना पद्धति तथा बढ़ी हुई स्टांप ड्यूटी ने किसानों की जमीनें बेचने तक को असंभव बना दिया है। यह सरकार की अदूरदर्शी और जनविरोधी नीति का परिणाम है, जिससे रियल एस्टेट उद्योग की रीढ़ टूट जाएगी और आर्थिक हालात ⏭ शेष पेज 4 पर



पुतला दहन करते कांग्रेसी।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 223. संतराम महिलांग पिता\पति राम दास पता- शारदा विहार म.न.178 नगर पंचायत माना कैम्प, 224. रितिका साहू पिता\पति रामचंद साहू पता - कटोरा तालाब रायपुर, 225. संतोष कुमार सोनी पिता\पति लोचन सोनी पता - मठपारा के पास गभरापारा, 226. भुनेश्वरी वर्मा पिता\पति खोमन लाल वर्मा पता– बिरगांव, 227. दीपक कुमार सेन पिता\पति जंतू राम सेन पता - तेलीबांधा रायपुर, 228. तरुण धनकर पिता\पति भारत धनकर पता - न्यू शांति नगर रामेश्वर मंदिर के पास शंकर नगर, 229. सुनीता निषाद पिता\पति स्व. मुन्ना लाल निषाद पता- सूरज नगर लभांडी, 230. गणेश्वरी पाल पिता\पति रूपराम पाल पता - शीतला चौक मठपारा रायपुर, 231.निखिल पाल पिता\पति जग्गू राम पाल पता - कृष्णा नगर रायपुर, 232. घनश्याम साहू पिता\पति श्री हरिहर प्रसाद साहू पता - डोमा सेजबहार रायपुर, 233. भोजेंद्र देवांगन पिता\पति राजेश कुमार देवांगन पता- तर्रा सुरसाबाँधा, 234. अपर्णा साहू पिता\पति भारत साहू पता- लाल बगीचा धमतरी, 235. महेंद्र कुमार पिता\पति गुहलेद राम पता- भोथली, 236. नेहा पिता\पति जय प्रकाश पता- संजय नगर शिक्षक कोलोनी कुरूद, 237. शिवभोला वैष्णव पिता\पति स्व.प्रेम दस वैष्णव पता- अर्जुनी डोंगरगांव, 238. लक्की पिता\पति थानेश्वर पता- भटगांव धमतरी, 239. शेषनारायण दास वैष्णव पिता\पति गोबिन्द दास वैष्णव पता- मुचेदंड खुर्सीटिकल राजनादगांव, 240. सैय्यद मोहम्मद अलीम पिता\पति सैय्यद मोहम्मद अली पता- बेमेतरा, 241. काविश पाण्डेय पिता\पति अभिषेक पाण्डेय पता- भानुप्रतापपुर, 242. मयंक कुमार पिता\पति दीपक कुमार सेन पता- नवागांव, 243 अर्नव वाकचौरे पिता\पति राजेश वाकचौरे पता- गुप्ता भवन, शांति नगर जगदलपुर, 244. चांदनी तांडी पिता\पति गजेन्द्र तांडी पता- कोमाखान महासमुंद, 245. तोरणराम नेताम पिता\पति स्व. निमेंश नेताम पता-कोर्ट कॉलोनी कवर्धा, 246. भावना साहू पिता\पति गोपीचंद साहू पता- लवन, 247. योगांत यादव पिता\पति राजेंद्र यादव पता- डी. एन. के. कोंडागांव, 248. गीता देवांगन पिता\पति द्वारिका प्रसाद देवांगन पता-भिलाई -3 रेलवे कॉलोनी -7, 249. पूर्णिमा बेहेरा पिता\पति राजेंद्र बेहेरा पता-भिलाई, 250. कल्याणी साहु पिता\पति स्व. हीरा राम साहु पता-पदुम नगर भिलाई -05, 251. भारती राव पिता\पति रमेश राव पता-खुर्शिपार भिलाई, 252. गुरमीत कौर भाटिया पिता\पति उजागर सिंह भाटिया पता-गुरुद्वारा रोड संतरा बाड़ी दुर्ग, 253. आर्या देशमुख पिता\पति संजय देशमुख पता- देशमुख बाड़ा स्टेशन रोड, 254. डाली देवांगन पिता\पति बालमुकुन्द देवांगन पता- शंकर नगर दुर्ग, 255. लक्ष्मी देशलहरे पिता\पति बी.डी. देशलहरे पता-प्लाट -33 भिलाई राधिका नगर, 256. हेमा श्रीवास पिता\पति सुनील कुमार श्रीवास पता- वार्ड न. -12 जवाहर नगर भिलाई 24/29, 257. बीना पिता\पति युगल किशोर पता- अंडा, **बिलासपुर संस्करण-** 258. माया त्रिपाठी, पिता/पति- राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी पता- सागर होम्स फेस 1, बिलासपुर 259. उमा शर्मा पिता/पति इंद्रधवन तिवारी, पता- बिलासपुर 260. संगीता शर्मा, पिता/पति- रामशरण दुबे पता- कुदुदंड बिलासपुर, 261. सुशील कुमार शर्मा, पिता/पति- बहोरिक लाल शर्मा, पता- बिलासपुर 262. शांभवी दुबे पिता/ पति- मधुरंजन दुबे पता- मोपका बिलासपुर 263. ओंकार सिंह चंद्रा पिता/पति एस.एल.चंद्रा पता- बिलासपुर 264. श्रेयांश सूर्यवंशी पिता/पति- अशोक सूर्यवंशी पता- जरहाभाठा, राजींव गांधी चौक, बिलासपुर 265.बसंत बघेल पिता/पति- स्व.कपूर दास बघेल पता- कानन पेण्डारी, बिलासपुर 266. रानी अग्रवाल पिता/पति- संतोष कुमार अग्रवाल पता- तेलीपारा बिलासपुर 267. ममता सिंह राजपूत पिता/पति- विनोद राजपूत पता- मंगला बिलासपुर 268. अनंत कुमार पांडेय, पिता/पति- स्व. भास्कर पांडे, पता- एलआईजी 227, देवरीखुर्द, बिलासपुर 269.धनीलाल साकत पिता/पति- स्व. रामलाल साकत, पता- इंद्रा कॉलोनी, तारबाहर, बिलासपुर 270.रूचि यादव पिता/पति- कार्तिक राम यादव पता- बी.आर.यादव नगर, बहतराई, बिलासपुर 271.हरमीत कौर छाबड़ा पिता/पति-प्रीतम सिंह होरा पता-शिवाजी मार्ग, टिकरापारा बिलासपुर 272.सारंग पांडेय पिता/पति- संतोष पांडेय, पता- बिलासपुर,273. नारायणी साहू पिता/पति- रामकुमार साहू, पता- देवरीखुर्द बिलासपुर 274. कोमल वर्मा पिता/पति- धर्मेन्द्र कुमार वर्मा पता- कालिका नगर तिफरा, बिलासपुर 275. खिलेश साहू पिता/पति- रामनारायण, पता- श्याम नगर लिंगियाडीह बिलासपुर 276. प्रज्ञा यादव पिता/पति- ऋषिकांत यादव, पता- हांफा जिला बिलासपुर 277. ज्योति गुप्ता पिता/पति- आनंद कुमार गुप्ता, पता- दयालबंद बिलासपुर 278. दीपक जायसवाल पिता/पति- रामकृष्ण जायसवाल, पता- देव नगर कोनी, जिला बिलासपुर 279. गंगा शुक्ला पिता/पति- दिनेश शुक्ला पता- करबला रोड बिलासपुर 280. केदारनाथ शुक्ला पिता/पति- सचेतराम गुप्ता पता- लखराम, जिला बिलासपुर, **भोपाल संस्करण-** 281. छोटी बाई बंजारा पिता\पति - रामचरण बंजारा पता- सुंदरपुरा पोस्ट उकावद तहसील मकसूदनगढ़ गुना, 282. लाली गौर पिता\पति - नीलेश गौर रहटगांव, 283. ममता राजपूत पिता\पति - कैलाश सिंह पता- राजपूत रायसेन, 284. उपेन्द्र सिंह राठौर पिता\पति -बिसोनिया पता- राजगढ़, 285. लक्ष्मीनारायण साहु पिता\पति- रमेश कुमार साहु 199 शंकर नगर पलासी करोद, 286. प्रियंका पाण्डेय पिता\पति - राजकुमार पाण्डेय 608 मुरली नगर, 287. स्वीटी यादव पिता \पति - राधेश्याम यादव पीपल चौराहा करोद, 288. मेघा मालवीय पिता\पति –धनी राम राहुल नगर हर्षवर्धन नगर, **जबलपुर संस्करण-** 289. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 290. महेश कुमार श्रीवास्तव पिता\पति- कंचन सिंह श्रीवास्तव छपारा जिला सिवनी, 291. आदिल खान पिता\पति - सुमिर मोहम्मद छपारा सिवनी, 292. राजेश कुमार जैन पिता\पति - रमेश चंद्र जैन कोतमा अनूपपुर, 293. हंर्षराज जैन पिता\पति - रजनीश कुमार जैन कोतमा अनूपपुर, 294. काजल यादव पिता\पति - दुर्गा प्रसाद यादव गोविंद गोविंद गांव वार्ड नंबर 11 कोतमा अनूपपुर, 295. पूर्णिमा सोनी पिता\पति- कैलाश प्रसाद सोनी बिजली अनूपपुर, 296. तनिष्का चतुर्वेदी पिता\पति- H.K चतुर्वेदी अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### बरदर उमावि में किया गया साइकिल का वितरण

**बलरामपुर।** विकासखंड के शासकीय उमावि बरदर में 44 छात्राओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत साइकिल का वितरण किया गया। इसके साथ ही स्कूल परिसर में संविधान दिवस भी मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष बबली संबल देवी शामिल हुई। साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि ने शाला परिसर में साइकिल पार्किंग शेड, शाला के मुख्य द्वार पर गेट लगाने एवं शाला परिसर में अतिरिक्त कक्ष तथा शौचालय मरम्मत कराने की घोषणा की। प्राचार्य अवधमनी एक्का ने स्कूल की शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया। इस दौरान जनपद सदस्य अर्पणा दीक्षित, भाजपा जिला महामंत्री भानु प्रकाश दीक्षित, अनूप गुप्ता, सतरूपा सिंह, मंजू किस्पोटा, दीपक, जयप्रकाश संबल, रामजीवन राम, प्रेमनी सिंह, ललिता, शिवलाल प्रजापति सहित अभिभावक व छात्राएं मौजूद थे।

### फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में लाउ की टीम ने हासिल की जीत




**राजपुर।** विकासखंड के ग्राम बादा बरियों में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन शुक्रवार को किया गया। प्रतियोगिता के फाइनल में लुंड्रा के बरकोल और राजपुर लाउ की टीमें आमने-सामने रही। दोनों ही टीमों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में लाउ की टीम ने निर्णायक बढ़त बनाते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। जीत के बाद खिलाड़ियों और समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई वहीं उपविजेता टीम बरकोल ने भी शानदार खेल दिखाकर सभी का दिल जीता। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा शामिल हुई। उन्होंने खिलाड़ियों की प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे खेल आयोजन युवाओं को नई दिशा और बेहतर अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को निरंतर अभ्यास और खेलभावना बनाए रखने की प्रेरणा दी। ग्रामवासियों और आयोजकों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और समाज में खेल संस्कृति को बढ़ावा देते हैं। अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, शील्ड और पुरस्कार राशि भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल, बरियों भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल (छोटू), जनपद सदस्य सुमन मुकेश गुप्ता तथा बादा सरपंच धरम सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### सुदामानगर में किसानों को वितरण किए गए नि:शुल्क बीज




**बिश्रामपुर।** ग्राम सुदामानगर में आज शुक्रवार को किसानों की आर्थिक सशक्तिकरण और आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद सदस्य प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता महेन्द्र सिंह मार्को द्वारा किसानों को निःशुल्क उच्च गुणवत्ता वाले सरसों बीज का वितरण किया गया। सुदामानगर पंचायत परिसर में दूर दूर से आए किसानों को निःशुल्क बीज वितरण किया गया। बीज वितरण के दौरान जनपद सदस्य प्रतिनिधि महेन्द्र सिंह मार्को किसानों से उनकी समस्याओं, कृषि से जुड़े अनुभवों व योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की, कार्यक्रम में महेंद्र सिंह मार्को ने कहा कि किसान भाई सरसों बीज प्राप्त करने के लिए अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराएं, ताकि वितरण प्रक्रिया पारदर्शी और सुव्यवस्थित बनी रहे,बीज प्राप्त करने के बाद उसकी गुणवत्ता अवश्य जांचें, प्रमाणित बीज आपके मेहनत और फसल उत्पादन दोनों को सुरक्षित करता है, उन्होंने आगे कहा कि गुणवत्तापूर्ण बीज ही अच्छी फसल की पहली सीढ़ी है, जिससे किसानों की आय में स्वाभाविक रूप से वृद्धि होगी।

### शासकीय महाविद्यालय में महिलाओं के विरूद्ध हिंसा उन्मूलन का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**बिश्रामपुर।** शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन का अंतराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।,यह कार्यक्रम कलेक्टर एस जयवर्धन के आदेशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी शुभम बंसल के मार्गदर्शन से सम्पन्न हुआ,कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को महिलाओं के साथ होने वाले हिंसा से बचने के लिए सशक्त बनने और जागरूक होने हेतु प्रेरित किया गया,साथ ही घरेलू हिंसा अधिनियम,टोनही प्रताड़ना अधिनियम,कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम,सखी वन स्टॉप सेंटर एवम टॉल फ्री नंबर 1098,181,112 की जानकारी दी गई,इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग नवा बिहान संरक्षण अधिकारी श्रीमती इन्द्र कुमारी तिवारी,सखी वन स्टाफ सेंटर के केंद्र प्रशासक श्रीमती विनीता सिन्हा,महिला सशक्तिकरण हब मिशन शक्ति के अंतर्गत जेंडर विशेषज्ञ सलोमी कुजूर एवं पूनम राजवाड़े एवं महाविद्यालय के प्रोफेसर अंकुश सिंह सिसोदिया एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

#### ठंड बढ़ने से रात के समय राहगीर व यात्रियों को होती है परेशानी

# शहर के सार्वजनिक स्थानों पर नहीं अलाव की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में ठंड ने अपना तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में शाम ढलते ही पारा गिरने लगी है। ठंड के बढ़ने से अब लोगों को गर्म कपड़ों और अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि ठंड बढ़ने के बावजूद शहर के प्रमुख चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान है। इधर बस स्टैण्ड में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से रात्रि में सफर करने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**

- मेडिकल कॉलेज अस्पताल व प्रतीक्षा बस स्टैंड में बड़ी संख्या में बाहर से पहुंचते है लोग



नवम्बर माह के दूसरे सप्ताह से ही पारा गिरने से दिन व रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले तीन दिनों के भीतर ही पारा गिरने से रात के समय कड़ाके की ठंड पड़ने लगी है। हालांकि आसमान में हल्का बादल छाने से ज्यादा ठंड का एहसास नहीं हुआ परंतु पिछले दो दिनों से सर्द हवा चलने से दिन में भी गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड रहा है। सुबह के समय धूप का सहारा मिल जाती है परंतु शाम के बाद ठंड का असर शुरू हो जाता है। ऐसे में रात के समय सफर करने वाले राहगीरों व यात्रियों को ठंड की मार झेलनी पड़ती है। नगर निगम द्वारा लोगों को राहत दिलाने शहर के भीड़भाड़ वाले चौक चौराहों में अलाव की व्यवस्था की जाती है लेकिन इस वर्ष अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। ऐसे में रात के समय लोगों को ठंड के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जबकि पारा नीचे गिरने से रात के समय गर्म कपड़े का असर भी कम हो जाता है। जिस तरह से ठंड पड़ने लगी है ऐसे में चौक चौराहों व सार्वजनिक स्थानों में अलाव की व्यवस्था नहीं होने से ऑटो चालक, रिक्शा चालक सहित रात के समय सफर करने वाले यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

**लोगों की बढ़ी परेशानी**

ठंड शुरू होने से पूर्व ही नगर निगम द्वारा राहगीर व यात्रियों की सुविधा के लिए अलाव की व्यवस्था करती है। इस वर्ष ठंड बढ़ने के बाद भी सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है जिससे बस स्टैण्ड, मेडिकल कॉलेज अस्पताल जहां लोगों की काफी भीड़ होती है। रात में सफर करने वालों की संख्या अधिक होती है ऐसे में बस स्टैण्ड पहुंचने वाले यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। इसी तरह मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जिले से बड़ी संख्या में ग्रामीण दूर-दराज क्षेत्र से मरीज लेकर आते है परंतु अलाव की व्यवस्था नहीं होने से अपने साथ लाए कुछ कपड़ो से रात गुजारने को मजबूर है।

**बिना गर्म कपड़ों के गुजरते हैं रातें**

शहर में विक्षिप्त व घुमंतू लोगों की संख्या काफी बढ़ गई है जो दिन में इधर उधर घूम कर समय काट लेते है परंतु रात के समय किसी दुकान के सामने सो कर रात व्यतीत करते है। जबकि रात के समय ऐसे कई रिक्शा व ऑटो चालक देर रात आने वाली यात्रियों के इंतजार में बस स्टैण्ड व चौक चौराहों पर रहते है परंतु बस स्टैंड व चौक चौराहों पर नगर निगम द्वारा अलाव की व्यवस्था नहीं होने से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।



## मुख्य मार्ग पर दो फीट का गड्ढा राहगीरों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

बिहारपुर, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर दो फीट गड्ढा होने से अब राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। गड्ढे से न सिर्फ दुर्घटना की संभावना बनी रहती है बल्कि कई लोग दुर्घटना के शिकार हो चुके है। क्षेत्र के लोगों ने गड्ढे को भर मरम्मत कराने की मांग की है।

बिहारपुर, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर बारिश के बाद से ही लगभग दो फीट का गड्ढा हो गया है। बीच सड़क पर गड्ढा होने से कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता है। मुख्य मार्ग होने के कारण इस सड़क से सभी छोटी-बड़ी गाड़ी का आवागमन हजारों की संख्या में होता रहता है। सड़क में इतना बड़ा गड्ढा है कि गाड़ी गड्ढे में जाने से बड़ी घटना हो सकती है। हैरानी की बात तो यह है कि लंबे से समय से गड्ढा होने के बाद भी स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे है। अगर समय रहते इस गड्ढे को नहीं भरा गया तो किसी भी समय अप्रिय घटना हो सकती है। क्षेत्र के प्रदीप राजवाड़े का कहना है कि बारिश के मौसम में बने इस गड्ढे में पानी जमा होने से कई बाइक चालक दुर्घटनाग्रस्त होकर घायल भी चुके हैं, वही इस गड्ढे में चार पहिया वाहन भी कितने बार अनबैलेंस होकर दुर्घटना होते-होते बाल बाल बचे है। ऐसे में अब यह गड्ढे राहगीरों का सर दर्द बना गया है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस रास्ते से स्कूल में पढ़ते बच्चे प्रतिदिन गुजरते हैं और वह भी दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं। वहीं भोड़िया बाबा के नाम से प्रसिद्ध देव स्थल मौजूद है महज 50 मीटर की दूरी पर यह गड्ढा है जिसमें लोग आए दिन पूजा पाठ करने आते रहते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि इस रास्ते में आए दिन मंत्री विधायक का दौरा भी लगा रहता है लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से जुड़ा सबसे लंबा सड़क माना गया है बावजूद इसके स्थानीय जनप्रतिनिधियों का भी पहल नहीं किया जाता, न ही संबंधित विभाग को सूचना देते हैं। यह मार्ग सूरजपुर जिला को भी जोड़ता है जिससे जल्द बाजी में कोई सूरजपुर की ओर गया तो वह भी दुर्घटनाग्रस्त हो जाते है। क्षेत्र के लोगों ने सड़क पर बने गड्ढे की पेच रिपेयरिंग कराए जाने की मांग की है।

## बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर हुई बैठक जिले में तीन नए परीक्षा-केन्द्र बनाए गए



**बिश्रामपुर।** कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं के नकलमुक्त एवं सुचारू आयोजन हेतु जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्यों की बैठक शासकीय आजाक कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बिश्रामपुर में हुई।

बैठक में परीक्षा-केन्द्रों की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, प्रश्नपत्र प्रबंधन, पर्यवेक्षण एवं अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तृत चर्चा हुई,बैठक में डीईओ अजय मिश्रा ने सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान पूर्ण अनुशासन,सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, नकल-मुक्त परीक्षा को विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए आवश्यक सतर्कता बरतने पर जोर दिया गया, किसी भी स्थिति में कहीं से भी नकल संबंधित शिकायत ना आए,डीईओ मिश्रा ने 10वीं–12 वीं बोर्ड परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने हेतु सभी परीक्षा-केन्द्रों में व्यापक निगरानी,सुरक्षा तैनाती,सुव्यवस्थित सीटिंग प्लान,पेयजल,प्रकाश,स्वच्छ शौचालय,तथा प्राथमिक उपचार किट जैसी अनिवार्य व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं,उन्होंने स्पष्ट कहा कि परीक्षा तैयारी में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी और संबंधित पर अनिवार्य कार्यवाही होगी। जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा ने जानकारी दी कि इस वर्ष जिले में परीक्षा प्रणाली को और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरवरगंज,शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोवर्धनपुर और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रमकोला तीन नए परीक्षा-केन्द्र बनाए गए हैं। इन नए केन्द्रों के बनने से परीक्षा संचालन अधिक व्यवस्थित और सुगम होने की संभावना है,बैठक में उपस्थित प्राचार्यों ने जिला शिक्षा अधिकारी को आश्वस्त किया कि जिले के सभी परीक्षा-केन्द्र निर्धारित समय पर पूरी तैयारी के साथ बोर्ड परीक्षा के लिए तैयार रहेंगे, इस दौरान सहायक संचालक रविंद्र सिंह देव, प्राचार्य आशीष भट्टाचार्य, पीसी सोनी समेत सभी विकासखंडों के बीईओ और सभी संस्थाओं के प्राचार्य उपस्थित रहे।

## शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर में मनाया गया संविधान दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रेमनगर

शासकीय नवीन महाविद्यालय प्रेमनगर में ऐतिहासिक दिवस को संविधान दिवस के रूप में मनाया गया। यह दिवस भारत की संविधान सभा द्वारा वर्ष 1949 में देश के सर्वोच्च ग्रंथ, भारतीय संविधान को अंगीकार किए जाने की स्वर्णिम स्मृति को चिरस्थायी बनाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर ज्ञान के आदान-प्रदान और राष्ट्रीय मूल्यों के प्रति समर्पण का केंद्र बना।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी सुश्री रेखा जायसवाल ने उपस्थित जनसमूह को संविधान की पवित्र प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया। वाचन के उपरांत सुश्री जायसवाल ने सभी को संविधान में निहित मौलिक कर्तव्यों, मौलिक अधिकारों और उच्च नैतिक मूल्यों की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने वक्तव्य में भारतीय संविधान के दार्शनिक और व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जिस तरह सभी धर्मों के अपने-अपने पवित्र ग्रंथ होते हैं, जो उनके अनुयायियों को नैतिक मार्ग दिखाते हैं, उसी तरह भारत देश का सबसे पवित्र ग्रंथ हमारा संविधान है। उन्होंने कहा कि संविधान ही है जो देश के विभिन्न समुदाय, जाति और धर्म के लोगों को एक अटूट सूत्र में बांधकर, सबको समान अधिकार और न्याय प्रदान करता है।

सुश्री जायसवाल ने स्पष्ट किया कि संविधान हमें केवल राजनीतिक स्वतंत्रता ही नहीं देता, बल्कि यह हमारे हितों की रक्षा करता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा, वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और राष्ट्रीय ध्वज एवं संविधान का सम्मान करने जैसे मुख्य बिंदुओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक हरिशंकर पैकरा ने डॉ. भीम राव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके महान योगदान को याद किया। श्री पैकरा ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर केवल संविधान के निर्माता नहीं थे, बल्कि वह सामाजिक न्याय और समानता के एक युग-प्रवर्तक थे। सहायक प्राध्यापक रविशंकर उर्रे और हीरालाल सिंह ने भी संविधान के विभिन्न पहलुओं पर अपनी संक्षिप्त और ज्ञानवर्धक टिप्पणी दी। इस दौरान डॉ. संजय वर्मा, डॉ. प्रियंका तिवारी, मनबोध कुजूर, जयशंकर, अन्नू सिंह राजपूत, सोनाली किंडो,अमित सिंह, शेषनन्दन टेकाम, श्रीमती सुभिया सिंह, रितेश पैकरा, चंद्रशेखर सहित अन्य मौजूद रहे।

### पार्वती इंस्टीट्यूट में मनाया गया संविधान दिवस

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एंड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय मदनपुर के बीएड प्रशिक्षार्थियों ने संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन कर संविधान की उद्देशिका का वाचन किया तथा संविधान का पालन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में संविधान के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसके महत्व, संविधान की आवश्यकता एवं मानव विकास पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षार्थियों ने भाषण, कविता, एवं भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। अध्यापकों ने भी अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ.छवि रानी मंडल सहित संस्था के सभी अध्यापक उपस्थित थे।



### भालू की सक्रियता पर वन विभाग ने ग्रामीणों को किया सतर्क

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ वन परिक्षेत्र में भालू के बढ़ते विचरण को देखते हुए वन विभाग सतर्क हो गया है। ग्राम अमरठा एवं चीता के आसपास बीते कुछ दिनों से भालू देखे जाने की लगातार सूचनाएं मिल रही थीं। मामले को गंभीरता से लेते हुए रेंजर मुकुल पांडे टीम के साथ गांवों में पहुंचे और मौके का निरीक्षण किया। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से चर्चा कर कहा कि उन्हें जंगल की ओर अनावश्यक रूप से जाने से बचे। रेंजर पांडे ने बताया कि भालू आमतौर पर मानव संपर्क से दूर रहते हैं। लेकिन अचानक सामना होने पर खतरा बढ़ सकता है। इसलिए सावधानी बरतना आवश्यक है। ग्रामीणों को विशेष रूप से सुबह और शाम के समय जंगल और आसपास के सुनसान क्षेत्रों में न जाने की हिदायत दी गई। टीम ने गांवों में मुनादी भी करवाई, जिसमें लोगों को सतर्क रहने, किसी भी असामान्य गतिविधि पर तुरंत वन विभाग को सूचित करने और बच्चों को अकेले बाहर न भेजने की की बात कही। वन विभाग टीम ने बताया कि भालू के विचरण क्षेत्र पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त सुरक्षा उपाय भी किए जाएंगे।

## वरिष्ठ नागरिक संघ ने जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

**प्रेमनगर।** ग्राम टाकर में वरिष्ठ नागरिक संघ ने जरूरतमंदों को गर्म कपड़े वितरित किए हैं। संघ द्वारा हर साल ठंड के मौसम में पूरे जिले में कैंप लगाकर कंबल, साड़ी स्वेटर, स्कूली बच्चों को स्टेशनरी जैसी उपयोगी सामग्री जरूरतमंदों तक पहुंचाती है। इस साल भी संघ ने नवंबर माह में आदिवासी क्षेत्रों में जाकर गर्म कपड़े गरीबों और छात्रों में वितरण का शुरुआत किया है।




वरिष्ठ नागरिक संघ जिले के सुदूर इलाकों में ठंड से ठिठुरते गरीब ग्रामीणों के लिए राहत पहुंचाने का काम कर पूरे समाज के लिए मिसाल पेश कर रही है। , इसी तरह संघ जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन मरीजों और परिजन के सुबह का नाश्ता का व्यवस्था करती है। संघ के सदस्यों ने जिले के नागरिकों से जरूरतमंदों के लिए सेवा भावना से कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक संघ के लालचंद अग्रवाल, हरिदास अग्रवाल, रवि शंकर मिश्रा, सुशील अग्रवाल, पुखराज जैन, रमेश रोहिल्ला, राजेंद्र अग्रवाल, पवन कुमार मित्तल, मोतीलाल, एके तिवारी, चंद्रभान, राम लल्लू, जीएफ आंडील्य, श्याम सुंदर जायसवाल, घनश्याम, रामध्यान सिंह, सुघन राम, बाबू राम सिंह, ग्राम पंचायत के सरपंच सूरज सिंह, उप सरपंच देवधारी राम, समस्त पंच, स्कूल के शिक्षक और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



### आईएएस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग ब्राह्मण समाज ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**सूरजपुर।** एससी एसटी अधिकारी कर्मचारी संगठन के मध्य प्रदेश के नवनियुक्त प्रांत अध्यक्ष आईएएस अफसर संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मणों को लेकर पिछले दिनों दिए गए विवादास्पद बयान को लेकर आज सर्व ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष मनोज अवस्थी के नेतृत्व में समाज के लोगों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर एफआईआई दर्ज किए जाने की मांग की है।

पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने उल्लेख किया है कि एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी द्वारा विप्र समाज की बेटियों और समाज पर इस प्रकार की टिप्पणी किसी भी हाल में स्वीकार नहीं की जा सकती है। यह न सिर्फ मानहानि है बल्कि जातिगत अपमान का गंभीर अपराध भी है। समाज द्वारा सौंपे ज्ञापन में भारतीय दंड संहिता की धारा 499 और धारा 500 का विशेष उल्लेख किया गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि एक लोकसेवक द्वारा ऐसी जातिगत टिप्पणी करना कानूनी रूप से और भी गंभीर अपराध बन जाता है। समाज लोगों ने पुलिस अधीक्षक से आईएस संतोष वर्मा के खिलाफ अपराध दर्ज किए जाने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता एचएन मिश्रा, जीएस मिश्रा, अशोक उपाध्याय, शेष नारायण शर्मा, गणेश, दिनेश द्विवेदी, शोभनाथ चौबे, दया चौबे, नीरज पांडेय, पूर्णानंद तिवारी, मनोज पांडेय, विनय पांडेय, वेद प्रकाश मिश्र, आनंद शर्मा व बड़ी संख्या में सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्रम संहिता कानून के विरोध में किया धरना-प्रदर्शन

**अम्बिकापुर।** संयुक्त किसान मोर्चा एसकेएम केंद्रीय ट्रेड यूनियन और क्षेत्रीय संघों के आह्वान पर किसान सभा ने बुधवार को शहर में धरना-प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में चार श्रम संहिता को तत्काल वापस लेने, न्यूनतम मजदूरी 26 हजार रूपए मासिक एवं 10 हजार रूपए मासिक पेंशन निर्धारित करने, किसानों के कर्ज माफ करने, आदिवासी क्षेत्रों में ग्राम सभा की सहमति के बिना भूमि अधिग्रहण बंद करने, सभी के लिए रोजगार गारंटी कानून सहित विभिन्न मांगों का उल्लेख किया गया है।

#### अवैध कटाई, अवैध परिवहन व अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर लगाम लगाना

# वन अमले ने रात्रि गश्त के दौरान 51 बोरी अवैध धान किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से रेंजर मुकुल कुमार द्वारा की जा रही रात्रि गश्त के दौरान एक बड़ी कार्रवाई सामने आई है। मंगलवार की रात वन विभाग की टीम ने गश्त के दौरान एक वाहन संदिग्ध अवस्था में जाते देखा। विभाग की टीम ने तत्परता दिखाते हुए वाहन को रोक लिया।



जांच के दौरान पिकअप सीजी 15 डीटी 4674 में भारी मात्रा में धान भरा पाया। चालक की पहचान ग्राम कोदवा निवासी राकेश सोनवानी आ.मुन्ना सोनवानी के रूप में हुई। वन विभाग की टीम ने जब चालक राकेश सोनवानी से धान से संबंधित परिवहन दस्तावेजों के बारे में पूछताछ की, तो वह कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। टीम को संदेह होने पर वाहन की तलाशी ली गई, पिकअप में 51 बोरी धान अवैध रूप से परिवहन करते हुए पाया गया। प्रारंभिक जांच में यह पता चला कि यह धान भरतपुर क्षेत्र से बिना अनुमति के लाया जा रहा था। वन विभाग की टीम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल तहसीलदार को सूचना दी। सूचना मिलते ही तहसील आवश्यक कार्रवाई शुरू की। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रात्रि गश्त का मुख्य उद्देश्य अवैध कटाई, अवैध परिवहन और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर लगाम लगाना है।



# 'तेरे इश्क में' धनुष की आंखों में छिपा दर्द बना असली ताकत

**मुंबई।** फिल्म 'तेरे इश्क में' 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। 'तेरे इश्क में' एक ऐसी लव स्टोरी है, जिसमें जुनून, दर्द, प्यार और गुस्सा सब कुछ एक साथ देखने को मिलता है। फिल्म की शुरुआत एक मजबूत मोड़ से होती है, जिससे कहानी तुरंत पकड़ बना लेती है। जैसे-जैसे फ्लैशबैक खुलता है, ऑडियंस यह जानने के लिए उत्सुक हो जाती है कि आखिर शंकर और मुक्ति के रिश्ते में ऐसा क्या हुआ कि दोनों अलग हो गए। अगर आपको जुनून से भरी मोहब्बत, दिल को छू लेने वाले भाव और कच्चे किरदारों की सच्ची कहानी देखना पसंद है, तो 'तेरे इश्क में' जरूर देखी जा सकती है। फिल्म में कमियां जरूर हैं, लेकिन धनुष का अभिनय इस कहानी को देखने लायक बना देता है। वो हर दृश्य में अपनी आंखों और हावभाव से ऐसा एहसास जगाते हैं, जिसे बोलकर नहीं, महसूस करके समझा जाता है।

लाइफ Style

# तनुश्री
## अमेरिकी बिजनेसमैन को बनाया हमसफर



बंगाली अभिनेत्री तनुश्री चक्रवर्ती ने आखिरकार अपने बॉयफ्रेंड और अमेरिकी बिजनेसमैन सुजीत बसु के साथ सात फेरे ले लिए हैं। यह शादी किसी फिल्मी सीन से कम नहीं थी। लास वेगास के खूबसूरत रेड रॉक कैन्यन में दोनों ने शादी की है। इस खास दिन की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने साझा की हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई


लंबे समय से अमेरिका में छुट्टियां बिताती नजर आ रहीं तनुश्री दरअसल अपने जीवन के इस नए अध्याय की तैयारी में थीं, जिसे उन्होंने अब खूबसूरती से दुनिया के सामने साझा किया है। दोनों की मुलाकात करीब दो साल पहले कोलकाता में एक दोस्त के जरिए हुई थी। तनुश्री अपने रिश्ते को लेकर बताती हैं कि अपने वर्कआउट सेशन के तुरंत बाद अनौपचारिक लुक में उनसे मिली थीं, लेकिन बावजूद इसके वह पहली ही मुलाकात में एक जुड़ाव महसूस कर बैठी थीं। दूसरी तरफ सुजीत भी उसी पल दिल हार बैठे थे। पहले दोस्ती और फिर दूरी के चलते वर्चुअल बातचीत- इन सबके बीच उनका रिश्ता धीरे-धीरे प्रेम में बदल गया। जब तनुश्री अमेरिका छुट्टियों पर गईं, तो उनके साथ बिताए गए पलों ने रिश्ते को और मजबूत कर दिया। लंबी ड्राइव्स, लंबी बातचीत और एक-दूसरे की मौजूदगी ने दोनों को यह एहसास करा दिया कि वह अपना जीवन साथ बिताना चाहते हैं। सुजीत ने शादी की सारी तैयारिया खुद संभालीं ताकि तनुश्री के लिए यह दिन हमेशा यादगार रहे। मेकअप आर्टिस्ट से लेकर वायलिनिस्ट तक- हर छोटी-बड़ी चीज को उन्होंने उसी सलीके से चुना, जैसा तनुश्री को पसंद है। दुल्हन का लहंगा भी सुजीत ने ही चुना था, जिसे देखकर तनुश्री भावुक हो उठीं। इतना ही नहीं, उन्होंने दोनों परिवारों के लिए शादी की लाइव स्क्रीनिंग भी करवाई ताकि दूर रहकर भी सभी इस पल का आशीर्वाद दे सकें।

## हॉलीवुड मसाला



### एशियाई एक्टर्स के लिए हॉलीवुड के दरवाजे खोले

**लॉस एंजिल्स।** मार्शल आर्ट का जिक्र आते ही हमारे दिमाग में सबसे पहला नाम ब्रूस ली का ही आता है। महज 32 साल की उम्र में ली ने मार्शल आर्ट में ऐसी महारथ और पॉप्युलैरिटी हासिल की जिसकी बराबरी आज तक कोई नहीं कर सका। 1960 के दशक में ली ने 'काटो' की भूमिका से हॉलीवुड में पहचान बनाई। लेकिन, हांगकांग में बनी 'द बिग बॉस' (1971), 'फिस्ट ऑफ फ्यूरी' (1972), 'वे ऑफ द ड्रैगन' (1972) और 'एंटर द ड्रैगन' (1973) ने पूरी दुनिया में उन्हें फेमस बना दिया। इन फिल्मों से उन्होंने अपनी मार्शल आर्ट कला को पूरी दुनिया के सामने पेश किया। ली ने बतौर एक्टर अपनी सफलता से एशियाई एक्टर्स के लिए हॉलीवुड के दरवाजे खोले। जैकी चैन, जेट ली, टोनी जा जैसे एक्टर्स ली को अपनी प्रेरणा मानते हैं। किसी भी व्यक्ति के लिए इतनी कम उम्र में जीवन के किसी भी एक क्षेत्र में इतनी ऊंचाई हासिल कर पाना बेहद कठिन होता है।



### डेविड हार्बर ने मिली बॉबी के साथ की बदसलूकी

लॉस एंजिल्स। 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स' के नए सीजन की रिलीज से ठीक पहले अभिनेत्री मिली बॉबी ब्राउन और उनके को-स्टार डेविड हार्बर को लेकर एक विवाद ने अचानक सुर्खियां बटोर ली थीं। सोशल मीडिया और विदेशी मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि मिली ने हार्बर पर सेट पर बदसलूकी और दबाव बनाने जैसे आरोप लगाए थे। हालांकि, सीरीज की प्रीमियर नाइट पर दोनों को साथ देखा गया, मुस्कुराते हुए फोटो देते हुए। वहीं, अब मिली बॉबी ब्राउन ने पहली बार अपनी चुप्पी तोड़ी है और इस रिश्ते पर खुलकर बात की है। मिली ने विवाद पर बेहद साफ शब्दों में कहा कि उनका रिश्ता हमेशा से मजबूत रहा है। मिली के अनुसार, 'हम पिछले दस साल से यही कर रहे हैं। हम इस शो को दिल से प्यार करते हैं और अपनी दोस्ती को सबसे ऊपर रखते हैं।' उनकी बातों से साफ था कि पर्दे के पीछे कैसी भी चर्चाएं हों, लेकिन उनके और हार्बर के बीच दोस्ती की डोर कमजोर नहीं हुई। दूसरी ओर, शो के निर्माता डफर ब्रदर्स ने प्रीमियर के दौरान आरोपों पर कमेंट करने से इनकार किया, लेकिन साफ कहा कि सेट पर सुरक्षा और सम्मान उनका पहला सिद्धांत है। शो के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर शॉन लेवी ने भी कहा कि पूरी टीम एक परिवार की तरह है और वो माहौल को हमेशा सुरक्षित रखने की कोशिश करते हैं।



## कूल लुक में कार्तिक हॉट दिखीं अनन्या


**मुंबई।** कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी रोमांटिक फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। शुक्रवार को इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है, जो कार्तिक और अनन्या के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का टाइटल ट्रैक शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है।' जो कार्तिक के फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। कार्तिक के फैंस उनके इस गाने पर लाल और फायर इमोजी शेयर कर रहे हैं। कार्तिक ने इंस्टाग्राम पर अपनी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' का टाइल ट्रैक का वीडियो शेयर किया। इस गाने में कार्तिक समंदर किनारे बीच पर बेहद कूल लुक में हसीनाओं के बीच नजर आ रहे हैं। तो वहीं इस गाने में अनन्या भी बेहद हॉट लुक में नजर आ रही हैं।



## इश्क के पूरे हुए 28 साल साझा की अनदेखी तस्वीरें

**मुंबई।** बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकार अजय देवगन और काजोल की फिल्म 'इश्क' 28 नवंबर 1997 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को 28 साल पूरे हो गए हैं। इस मौके पर अजय देवगन ने काजोल के साथ पुरानी तस्वीरें शेयर की हैं और एक बेहतरीन कैप्शन लिखा है। फैंस को यह पसंद आ रहा है। अजय देवगन ने इंस्टाग्राम पर अपनी जिंदगी के सबसे अच्छे पलों की तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में वह काजोल को गले लगा रहे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'इश्क हुआ'। दूसरी तस्वीर में वह काजोल के साथ दूल्हा-दुल्हन की तरह बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'कैसे हुआ'। तीसरी तस्वीर में वह काजोल और अपने दो बच्चों के साथ बैठे हैं। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा 'अच्छा हुआ।' इसके साथ पोस्ट में उन्होंने लिखा 'जैसे हुआ अच्छा ही हुआ है।

## टीवी मसाला



### बिग बॉस 19 से बाहर होंगी अशनूर? तान्या के साथ हिंसक होने पर भड़कीं काम्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 अपने आखिरी पड़ाव की ओर बढ़ रहा है और जैसे-जैसे ग्रैंड फिनाले करीब आ रहा है, घर के अंदर विवाद, मतभेद और टकराव भी तेज होते जा रहे हैं। इसी बीच शो की पूर्व कंटेस्टेंट और टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री काम्या पंजाबी ने इस हफ्ते के घटनाक्रम पर खुलकर अपनी राय रखी है। अशनूर कौर और तान्या मित्तल के बीच हुए विवाद को लेकर जहां उन्होंने सख्त प्रतिक्रिया दी, वहीं गौरव खन्ना को शो का पहला फाइनलिस्ट बनने पर बधाई भी दी। फिनाले से पहले हुए 'टिकट टू फिनाले' टास्क में सभी चार दावेदारों- अशनूर कौर, प्रनीत मोरे, फरहाना भट्ट और गौरव खन्ना के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लेकिन इस टास्क के दौरान एक ऐसा वाकया सामने आया जिसने दर्शकों और एक्स-कंटेस्टेंट्स दोनों को हैरान कर दिया। टास्क के बीच अशनूर कौर ने तान्या मित्तल पर शारीरिक प्रहार कर दिया, जिसे लेकर कई दर्शक सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर अब हर कोई अशनूर की इस हरकत पर अपनी राय दे रहा है। कई सेलेब्स की ओर से भी इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर की गई है। इन्हीं में शामिल हैं काम्या पंजाबी भी। उन्होंने लिखा कि पूरी सीजन में संयम और गरिमा के साथ खेलने वाली अशनूर से इस तरह की हरकत की उम्मीद नहीं थी। काम्या का कहना है कि खेल की इस स्टेज पर ऐसी गलती बिल्कुल भी आवश्यक नहीं थी।

### भाविन -दिशा ने लिए सात फेरे

**नई दिल्ली।** सिंगर,एक्टर और म्यूजिशियन भाविन भानुशाली ने दिशा चंद्रेजा के सात सात फेरे ले लिए हैं। भाविन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी शादी की शानदार तस्वीरों को शेयर किया है। भाविन और दिशा को सेलेब्स शादी की



शुभकानाएं दे रहे हैं। एक्टर और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी भाविन भानुशाली और दिशा चंद्रेजा की शादी 27 नवंबर को होमटाउन, महाराष्ट्र में हुई। शादी की खास तस्वीरें आज भाविन ने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। भाविन और दिशा की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। भाविन ने आज इंस्टाग्राम पर कुछ ही देर पहले अपनी शादी की तस्वीरों को शेयर किया। इन शानदार तस्वीरों में दिशा लाला लहंगे में बेहद खूबसूरत दिख रही हैं। वहीं भाविन व्हाइट स्टाइलिश शेरवानी में काफी हैंडसम लग रहे हैं। इन तस्वीरों के साथ भाविन ने कैप्शन में लिखा, 'तू मारी ने हूं तारो थाई गयो- 27.11.25।' कई सेलेब्स ने भाविन भानुशाली और दिशा चंद्रेजा को शादी की बधाई दी है। विशाल जेठवा ने लिखा, 'भाविन्न भाई, नमन प्रणाम अभिनन्दन', रश्मि देसाई ने लिखा, 'बधाई हो तमने बन्नेव ने', अविका गौर ने लिखा, 'बधाई हो, नील नितिन मुकेश ने लिखा, 'आपको बधाई हो मेरे प्रिय', हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो दोस्तों... भगवान आपका भला करे।'

## 45 करोड़ बजट में 500 टिकट भी नहीं बेच पाई थी ये फिल्म

### अधूरी कहानी के साथ हुई रिलीज, कहलाई बॉलीवुड की बिगेस्ट फ्लॉप

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में हर साल दर्जनों फिल्में बनती हैं। इनमें से कई फिल्मों पर बहुत पैसा खर्च किया जाता है और मेकर्स को उम्मीद होती है कि ये फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएंगी। लेकिन, कई बार ऐसा होता नहीं है। कई बड़ी और स्टार स्टडेड फिल्में भी रिलीज के बाद बुरी तरह फेल हो जाती हैं। आज हम आपको एक ऐसी ही फिल्म के बारे में बता रहे हैं, जिसके बजट, कहानी और कास्ट पर प्रोड्यूसर ने पूरा भरोसा किया था। फिर भी ये फिल्म रिलीज होते ही बुरी तरह पिट गई और लोगों को पता भी नहीं चला कि ये कब आई और कब थिएटर से उतर गई।



#### जोरदार उम्मीदें, जीरो कमाई

जिस फिल्म की बात कर रहे हैं, वो है द लेडी किलर, जो साल 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में इश्कजादे फेम अर्जुन कपूर और भूमि पेडनेकर नजर आए थे। करीब 45 करोड़ रुपए के बजट में बनी इस फिल्म से मेकर्स को बड़ी उम्मीदें थीं। लेकिन, हैरानी की बात ये है कि फिल्म 1 लाख रुपए की कमाई भी नहीं कर पाई। फिल्म का न प्रमोशन हुआ और न ही किसी तरह का ऐड नजर आया। मेकर्स ने बिना तैयारी के फिल्म को थिएटर में उतार दिया। नतीजा ये हुआ कि दर्शकों को पता ही नहीं चला कि फिल्म रिलीज भी हो गई है।

#### बिना क्लाइमैक्स की रिलीज

*फिल्म फ्लॉप होने के बाद इसके डायरेक्टर ने बताया कि द किलर लेडी को अधूरी हालत में रिलीज कर दिया गया था। फिल्म की स्क्रिप्ट 117 पेज की थी। लेकिन, शूटिंग सिर्फ 87 पेज तक ही हुई थी। यानी फिल्म में क्लाइमैक्स तक पूरा शूट नहीं हुआ था। पहले इसे ओटीटी पर रिलीज करने की प्लानिंग थी। लेकिन, तारीखें बार बार आगे बढ़ने पर इसे जल्दबाजी में थिएटर में रिलीज कर दिया गया। हालत ये रही कि अर्जुन कपूर की इस फिल्म की सिर्फ 500 टिकटें ही बिक पाईं। इसी वजह से इसे अब तक की सबसे खराब ओपनिंग वाली बॉलीवुड फिल्म माना गया।*

## दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का टीजर जारी अलग अंदाज में दिखे संजय और महिमा



**मुंबई।** संजय मिश्रा और महिमा चौधरी की अपकमिंग फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म को लेकर पहले से काफी चर्चा थी। ऐसा इसलिए क्योंकि संजय मिश्रा की दूसरी शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। टीजर में संजय मिश्रा हल्के-फुल्के अंदाज में कॉमेडी करते हुए नजर आए हैं। वहीं, महिमा चौधरी ग्लैमरस लुक में नजर आई हैं।टीजर में सबसे पहले संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह भगवान हनुमान से प्रार्थना करते हैं कि अगर उनकी कुंडली में दूसरी शादी लिखी है, तो कोई सुंदर, सुशील और कलावती महिला से शादी हो। वह हनुमान से कहते हैं कि प्रभु थोड़ा ध्यान रखना वर्ना ये लोग मुझे कहीं भी फंसा देंगे। इसके बाद वह महिमा चौधरी से टकरा जाते हैं। अगले सीन में संजय मिश्रा का बेटा उनके पास आता है और कहता है कि मां मिल गई। इस पर संजय मिश्रा इतराते हैं। मेकर्स ने इस टीजर को सोशल मीडिया पर रिलीज किया है। इसके साथ इसकी रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है। बताया जाता है कि यह फिल्म 19 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी' में संजय मिश्रा और महिमा चौधरी के अलावा व्योम यादव, पलक लालवानी, प्रवीण सिंह सिसोदिया और श्रीकांत वर्मा ने अभिनय किया है। इसका निर्देशन सिद्धांत राज सिंह ने किया है। इसके निर्माता एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन हैं।

### आज के दौर में भी जनरेनशन-जेड का बना हुआ है फेवरेट

# धर्मेंद्र पर फिल्माया गया था रफी का बेस्ट एवर रोमांटिक सॉन्ग

वेटरन एक्टर धर्मेंद्र अब हमारे बीच नहीं रहे। लेकिन, उनकी मूवीज और गानों के बारे में जिक्र हमेशा किया जाएगा। इस आधार पर आज हम आपको अभिनेता के एक ऐसे शानदार रोमांटिक सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे गायक मोहम्मद रफी ने गाया था। गायक मोहम्मद रफी और अभिनेता धर्मेंद्र की जोड़ी काफी जमती थी।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सिनेमा जगत में एक दौर ऐसा भी रहा था, जब रफी साहब सही मायनों में धर्मेंद्र की आवाज बन गए थे। एक्टर के ज्यादातर कल्ट गीतों को सुरों के सरताज मोहम्मद रफी ने अपनी रूहानी आवाज दी थी। इस आधार पर आज आपको इन दोनों की जुगलबंदी वाले एक ऐसे गीत के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आज के दौर में जनरेनशन-जेड का फेवरेट बना हुआ है। रोमांटिक सॉन्ग के मामले में सिंगर मोहम्मद रफी के इस गाने का कोई मुकाबला नहीं है। आलम ये है कि रिलीज के 55 साल बाद भी ये अमर है।



#### 55 साल बाद भी हिट ये गीत

पुराने दौर के आइकॉनिक रोमांटिक सॉन्ग के बारे में जिक्र किया जाए तो उसमें अभिनेता धर्मेंद्र के कई सारे गीत शामिल होंगे, जिनमें से एक गीत साल 1970 में आई फिल्म जीवन मृत्यु का भी रहा। धर्मेंद्र और राखी गुलजार स्टारर इस मूवी के उस गीत को गायक मोहम्मद रफी ने अपनी मधुर आवाज में गाया था। गाने के बोल सुनकर आज भी आपके दिल को सुकून पहुंचेगा। गौर किया जाए उस गीत की तरफ तो उसका नाम- झिलमिल सितारों का आंगन होगाहै। धर्मेंद्र के इस कल्ट सॉन्ग को रफी साहब और लता मंगेशकर ने मिलकर गाया था, जबकि इसके संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की जोड़ी थी। जीवन मृत्यु मूवी के इस गाने के गीतकार कोई और नहीं, बल्कि दिग्गज लेखक आनंद बख्शी थे, उनकी कलम से जी झिलमिल सितारों का आंगन होगा के ये खूबसूरत बोल निकले थे। इस गाने को आज भी बॉलीवुड से सबसे बेहतरीन रोमांटिक सॉन्ग में से एक माना जाता है।

#### यादगार गीत

*24 नवंबर 2025 को धर्मेंद्र का देहांत हो गया। अब एक्टर की यादें उनकी मूवीज और शानदार गीतों के जरिए ताजा रहेंगी। झिलमिल सितारों का आंगन होगा धर्मेंद्र के यादगार गीतों में शुमार है, जिसे सुनने के बाद आपको हिंदी सिनेमा के ही-मैन की याद जरूर आ जाएगी।*

## खबर संक्षेप

### नौनिहालों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**मनेन्द्रगढ़।** जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में शनिवार को प्री-प्राइमरी कक्षाओं के नौनिहालों ने मनेन्द्रगढ़ शहर में स्थित रिलायंस मार्ट का एक रोचक और शैक्षणिक दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य बच्चों को बाजार की अवधारणा से परिचित कराना था, जहां वे समझ सकें कि सामान कैसे खरीदा और बेचा जाता है। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के उत्पाद देखकर और उनके बारे में जानकर खूब आनंद लिया, इसके साथ ही बच्चों ने कई उत्पादों जैसे पेंसिल, चिप्स, बिस्किट इत्यादि के क्रय का आनंद लिया।

### एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर के उपलक्ष्य में छग राज्य एड्स नियंत्रण समिति, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बाल कवि मेहर जैन की प्रभावशाली एड्स जागरूकता कविता से हुई। कविता में मेहर जैन ने संदेश दिया कि एड्स नहीं छूने से फैले इससे न हम घबराए, इनको भी सम्मान मिले, मिलकर हम मुस्काए
चार कारण से एड्स फैलता- हम सबको ये बतलाए संक्रमित सुई, संक्रमित रक्त हम सबको ये सिखलाए, एआरटी से लिंक कराकर परामर्श लेते रहना, संतुलित भोजन रोज करें। मेहर जैन का है कहना कविता के माध्यम से उन्होंने समाज में फैली भ्रांतियों-छूने, पास बैठने या साथ भोजन करने से एड्स फैलता है को दूर करने का प्रयास किया।

### भव्य बॉलीवुड यात्रा ने दर्शकों को मोहा



**मनेन्द्रगढ़।** सेंट पैट्रिक अकादमी ने हाल ही में अपने शानदार वार्षिक दिवस 2025-26 को सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया। स्कूल का पूरा परिसर एक चमकदार मंच में बदल गया था, जिसका आकर्षक विषय था बॉलीवुड विभिन्न समयों के माध्यम से एक यात्रा। प्रिंसिपल रेव्ह. ब्रो. शाजू थॉमस और मैनेजर रेव्ह. ब्रो. जॉर्ज एजे के सक्षम नेतृत्व में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने न केवल छात्रों की कलात्मक प्रतिभा को प्रदर्शित किया, बल्कि मूल्य-आधारित शिक्षा के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को भी दर्शाया। वार्षिक दिवस को कई प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति से गौरव मिला। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी आरपी मिरे, जिला एमसीबी का बड़े सम्मान के साथ स्वागत किया गया। स्कूल को सम्मानित अतिथि ए टोप्पो एसडीओपी, जिला-एमसीबी और रेव्ह. ब्रो. सोलोमन अलेक्जेंडर मैनेजर सेंट पैट्रिक अकादमी रावेलुपालेम एपी की मेजबानी करने का सौभाग्य मिला।

### निलंबन निर्देश के बाद पद पर जमे है बीईओ

**प्रतापपुर।** एस. जयवर्धन द्वारा विद्यालय शिक्षा एवं आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा बैठक में प्रतापपुर के प्रभारी बीईओ मुन्नूलाल धुर्वे के निलंबन का प्रस्ताव आयुक्त को भेजने के स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद अब तक कार्रवाई नहीं होने से क्षेत्र में नाराजगी सामने आ रही है। 16 अक्टूबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर ने प्रतापपुर ब्लॉक की शैक्षणिक गतिविधियों बोर्ड परीक्षा की तैयारी, अशासकीय विद्यालयों की जांच, गणवेश वितरण, पुस्तक वितरण, मध्याह्न भोजन योजना और फील्ड निरीक्षण व्यवस्था में भारी अव्यवस्था पर असंतोष जताया।

न्यायालय तहसीलदार पटना,
जिला कोरिया ( छ.ग. )
// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र.-................../............./2024-25

सर्व साधारण ग्राम जमडी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोरेलाल राजवाड़े आ. नारायण आयु लगभग 41 वर्ष जाति रजवार निवासी ग्राम जमडी पोस्ट गिरजापुर थाना व तहसील पटना जिला कोरिया छ.ग. के द्वारा आवेदन कर निवेदन किया गया है कि आवेदक के द्वारा अनावेदक के स्वत्व एवं स्वामित्व हक की कृषि भूमि ग्राम जमडी में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 733/3, 832/1, 833/2, 834, 1159/1 रकबा 0.070, 0.030, 0.160, 0.110, 0690 हे. भूमि समस्त राजस्व प्रपत्रों में दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदक वसीयतनामा से प्राप्त किया है तथा उक्त भूमि पर वसीयतग्रहिता काबिज कास्त है। आवेदक के द्वारा अनावेदक से वसीयतनामा में किसी प्रकार का लेन देन नहीं हुआ है। तथा आवेदक की सेवा जतन से खुश होकर बिना किसी के दबाव में ना आकर अपने होश हवास से अपने स्वेच्छा से वसीयतनामा तैयार करवाई है। तथा दस्तावेज का निष्पादन उप-पंजीयक कार्यालय बैकुण्ठपुर में दिनांक 19/09/2025 को पंजीयन दर्ज करवाई है। आवेदक उक्त भूमि का वसीयत के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वे दिनांक 18.12.2025 तक स्वयं या अपने प्रतिनिधि अथवा अभिभाषक के द्वारा इस न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

तहसीलदार
पटना, जिला-कोरिया ( छ.ग. )

### तहसील कार्यालयों का लगा रहे चक्कर, प्रभावित किसान अपनी उपज बेचने को लेकर परेशान

# एग्रोस्टेक गिरदावरी में रकबे में हुई कटौती के सुधार को लेकर किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

धान खरीदी प्रारम्भ हुए 10 दिन से अधिक हो गया है लेकिन अभी तक किसानों का पंजीयन, कैरी फॉरवर्ड एवं ऑनलाइन गिरदावरी की त्रुटि के कारण रकबे में आई कमी का सुधार नहीं हो सका है। किसान अपनी उपज बेचने को लेकर परेशान हैं तथा तहसीलदारों को रकबा सुधारने का आवेदन दे रहे हैं। अधिकारी त्रुटियों को जल्द सुधारने का आश्वासन दे रहे हैं लेकिन निर्धारित समय में सुधार नहीं होने के कारण कृषक परेशान है।

सहकारी समितियों में अवैध धान की आवक रोकने इस बार शासन द्वारा ऑनलाइन गिरदावरी कराने के साथ ही कई नए नियमों को लागू किया है जिसके कारण किसानों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। धान खरीदी के पूर्व शासन द्वारा निजी संस्थाओं के माध्यम से ऑनलाइन गिरदावरी कराई गई थी जिसे एग्रोस्टेक नाम दिया गया है। किसानों का कहना है कि ऑनलाइन गिरदावरी की त्रुटि के कारण बड़ी संख्या में किसानों का रकबा कम हो गया है वहीं कई किसानों का रकबा शून्य हो गया है। शासन द्वारा त्रुटियों के सुधार के लिए 25 नवम्बर तक की तिथि निर्धारित की गई थी। इधर रकबे में हुई कटौती को लेकर किसान काफी परेशान हैं तथा सुधार के लिए तहसील कार्यालय एवं समितियों का चक्कर लगा रहे हैं। तहसील कार्यालय द्वारा परेशान किसानों को सहकारी समितियों में भेजा जा रहा है वहीं समिति प्रबंधक तहसील कार्यालय से सुधार कराने का हवाला देकर किसानों को बैरंग लौटा रहे हैं। परेशान किसान तहसील कार्यालयों में रकबा सुधार का आवेदन देकर निर्धारित समय पर समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर धरना प्रदर्शन एवं आंदोलन करने की चेतावनी दे रहे हैं। समस्याओं को देखते हुए शासन द्वारा पंजीयन एवं रकबा सुधार की तिथि बढ़ाकर 30 नवम्बर निर्धारित की गई है। नए निर्देशों के तहत सहकारी समितियों को भी त्रुटियों को सुधारने का अधिकार किया गया है।



धौरपुर धान खरीदी केन्द्र।

#### वनभूमि पट्टाधारक किसान परेशान

नए निर्देशों के तहत इस बार बड़ी संख्या में वनभूमि पट्टा धारक किसानों को धान विक्रय से वंचित किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि भूमिहीन किसानों को लाभान्वित करने वनभूमि अधिकार अधिनियम लागू किया गया था लेकिन बड़ी संख्या में राजस्व पट्टा धारक किसानों को भी वनभूमि पट्टा प्रदान किया गया है। ऐसे किसानों के मात्र राजस्व पट्टा की भूमि की उपज खरीदी जाएगी। इन किसानों के वनभूमि पट्टे को न तो पंजीयन किया जाएगा न ही उपज ही खरीदी जाएगी। भूमिहीन किसानों के वनभूमि पट्टे की संपूर्ण उपज को पूर्व की तरह खरीदा जाएगा।

#### 7 हजार से अधिक का पंजीयन शेष

सरगुजा के विभिन्न 8 तहसीलों में अभी तक 62702 किसानों का धान विक्रय के लिए एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन किया गया है जबकि 7652 किसानों का पंजीयन अभी शेष है। इस बार 2916 नए किसानों ने अपना पंजीयन कराया है जबकि तहसील कार्यालयों द्वारा जिलेभर के 629 किसानों का पंजीयन निरस्त किया गया है। सहकारी समितियों द्वारा 53362 किसानों का पंजीयन कैरी फॉरवर्ड किया गया है। कैरी फारवर्ड के लिए अभी भी लगभग 20 फीसदी किसान शेष बचे है। तहसील स्तर पर भी किसानों के पंजीयन में संशोधन करने के साथ नए किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। अभी तक 57645 पंजीकृत किसानों के 90,168240 हेक्टेयर फसल का रकबा पंजीकृत किया गया है। अभी बड़ी संख्या में किसानों का रकबा अद्यतन नहीं हो सका है जिसको लेकर किसान परेशान हैं।

#### कसलगिरी सहकारी समिति में धान खरीदी शुरु



करवां। कसलगिरी सहकारी समिति में शुक्रवार को धान खरीदी का शुभारंभ पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार किसानों की हितैषी सरकार के रूप में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के धान का एक-एक दाना खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। सहकारी समितियों में धान विक्रय व भुगतान की किसी भी समस्या के त्वरित निराकरण हेतु समिति अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता पूर्ण रूप से सक्रिय हैं।

#### चल रहा सुधार कार्य

शासन ने पंजीयन एवं रकबा सुधार की तिथि बढ़ा दी है। अब 30 नवम्बर तक किसानों का पंजीयन एवं रकबे में सुधार किया जाएगा। नए निर्देशों के तहत समिति स्तर पर भी किसानों का पंजीयन किया जाएगा।

-पीएस दीवान
सहायक संचालक, कृषि

# सड़क योजना: निर्माण कार्य के गुणवत्ता पर उठे सवाल



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

पसौरी अटल चौक से बुलांकीटोला मध्यप्रदेश सीमा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निमार्णाधीन सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण शुरू हुए दो महीने हो चुके हैं, लेकिन कार्य मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा है।

घोघराटोला में दो स्थानों पर नल-जल पाइप लाइन टूट जाने से पानी की आपूर्ति बंद है ,जिसे लेकर ग्रामीण लगातार परेशान हैं। इसके बावजूद अब तक पाइप लाइन दुरूस्त कराने की कोई पहल नहीं हुई। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण में 70 प्रतिशत डस्ट और मात्र 30 प्रतिशत गिट्टी का उपयोग किया जा रहा है ,जिससे सड़क की गुणवत्ता बेहद खराब हो रही है। निर्माण कार्य में अनियमितताओं और घटिया सामग्री के उपयोग को लेकर उन्होंने प्रशासन से तत्काल जांच और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। इसी मुद्दे को लेकर ग्राम बुलांकीटोला के ग्रामीण 4 दिसंबर को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करेंगे।

# विशेष कोचिंग कक्षा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

जनकपुर के उन छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल की गई, जो नवोदय विद्यालय में प्रवेश लेने की इच्छा रखते हैं। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से विकासखंड शिक्षा अधिकारी, भरतपुर सच्चिदानंद साहू के निर्देशन में विशेष कोचिंग कक्षा की शुरूआत प्राथमिक शाला बालक जनकपुर में की गई। यह कोचिंग कक्षा जनकपुर नगर पंचायत क्षेत्र में संचालित सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के लिए निःशुल्क उपलब्ध रहेगी।

कोचिंग का समय प्रतिदिन दोपहर 2 से 4 बजे तक निर्धारित किया गया है। विशेष बात यह है कि इस पहल में नगर पंचायत में पदस्थ शिक्षक पूर्णतः निःशुल्क अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे, इससे उन विद्यार्थियों को काफी लाभ मिलेगा, जिन्हें गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन की आवश्यकता है, परंतु नियमित संस्थागत कोचिंग तक पहुंच नहीं है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर अनेक शिक्षक व शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से सोमेश देवांगन, प्रभारी प्राचार्य, शासकीय हाईस्कूल बरेल रवि शंकर सिंह, नरेश यादव, नरसिंह राजपूत एवं प्राथमिक शाला बालक जनकपुर की प्रधान पाठक शारदा त्रिपाठी सहित समस्त स्टाफ सदस्य शामिल रहे।

# द्वितीय सोपान स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर



चरचा कॉलरी। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ कोरिया द्वारा आयोजित विकासखंड/संकुल स्तरीय द्वितीय सोपान स्काउट-गाइड प्रशिक्षण सह जांच शिविर का समापन शुक्रवार को हुआ। शिविर स्थल हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडर स्कूल चरचा निर्धारित किया गया था, जहां जिलेभर से स्काउट-गाइड विद्यार्थी प्रशिक्षण के पहुंचे और सक्रिय रूप से भागीदारी निभाई। शिविर संचालक सुनील कुमार बड़ा शाउमाशि चिताझोर पोड़ी, सहायक संचालक निशांत आरा, हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा, प्रशिक्षक कु. ममता सिंह, शाउमावि कोरिया कॉलरी, प्रशिक्षक राजाराम देवांगन, हिन्द विद्यालय हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा, प्रशिक्षक विकल्प श्रीवास्तव, शाउमावि पोड़ी, प्रशिक्षक अमरनाथ सिंह शापूमाशा बाघपारा चरचा आदेश में सभी नियुक्त प्रशिक्षकों को निर्धारित तिथियों पर समयानुसार शिविर स्थल में उपस्थित रहकर प्रशिक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जय बाजपेई, व्हीके भट्ट, पार्षद रामकली पाल, नीरज गुप्ता उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय ने कहा कि स्काउट-गाइड प्रशिक्षण केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन को अनुशासित, आत्मनिर्भर और मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण बनाने वाली सीख है। अतिथियों ने प्रतिभागियों को स्काउट पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर मिंटू कुमार, जयदेव पांडे, खुशबू यादव, मेघा तिवारी, निशा राय, मंजू केवट, दयानंद ठाकुर सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# जिला पंचायत सीईओ ने आवास हितग्राहियों को किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसका एक पक्का मकान हो, इसी महत्वपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना को लागू किया गया है। वंचित वर्ग के सपनों को पूरा करने के लिए शासन द्वारा सीधे अनुदान राशि हितग्राहियों को खातों में प्रदान की गई है। आप सभी जल्द अपने काम को पूरा करें और मौसम की परेशानियों से दूर होकर निश्चिंत होकर रहें।

उक्ताशय के विचार जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने जनपद पंचायत बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत जमगहना में आवास हितग्राहियों से संवाद करते हुए व्यक्त किए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी के निर्देशन में पूरे जिले में आवास हितग्राहियों को जल्द अपने मकान पूर्ण कराने के लिए निरंतर जन चौपाल लगाई जा रही हैं। गत दिवस ग्राम पंचायत जमगहना में



आवास हितग्राहियों के लिए एक सभा का आयोजन किया गया। इस आयोजन में ग्राम पंचायत महोरा एवं खाड़ा के आवास हितग्राहियों को भी सम्मिलित किया गया। उक्त आयोजन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया द्वारा समय-सीमा के भीतर आवास पूर्ण किए जाने के लिए आवास हितगहियों से चर्चा की गई एवं जिन हितग्राहियों के द्वारा समय पर आवास पूर्ण किया गया उनके द्वारा अपना अनुभव साझा कराते हुए सम्मानित किया गया। इस दौरान आवास हितग्राही दशरथ एवं श्रीमती नीता सहित कई हितग्राहियों ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से अपने जीवन में आए बदलाव को साझा किया और सभी आवास हितग्राहियों से अपने अपने आवास को समय से पूर्ण करने की अपील की। इस आवास सभा में हितग्राहियों के बीच जिला पंचायत से महात्मा गांधी नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की टीम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बैकुंठपुर एवं जनपद पंचायत ग्राम पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसपी ने परेड का किया निरीक्षण



**मनेन्द्रगढ़।** रक्षित निरीक्षक केन्द्र आमाखेरवा परेड ग्राउंड में आयोजित जनरल परेड का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह, जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में पुलिस अधीक्षक ने परेड में उपस्थित अधिकारियों एवं जवानों के टर्न आउट का सूक्ष्म निरीक्षण किया।

उन्होंने साफ-सुथरी वेशभूषा और अनुशासित प्रस्तुति को पुलिस की पहचान बताते हुए सभी जवानों को स्वच्छ व व्यवस्थित वर्दी धारण करने के निर्देश दिए। उत्कृष्ट वेशभूषा में उपस्थित अधिकारी-जवानों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक सिंह ने पुलिस विभाग के शासकीय वाहनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वाहनों की साफ-सफाई, मशीनरी की स्थिति, आवश्यक उपकरणों की उपलब्धता तथा नियमित रख-रखाव की जानकारी ली गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी वाहन हमेशा संचालित स्थिति में रहे और किसी भी आकस्मिक परिस्थिति में तत्परता से उपयोग किए जा सकें। कार्यक्रम में शामिल जवानों द्वारा मार्च-पास्ट कर सलामी दी गई।

# शिल्प संसार विषयक 10 दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

राष्टीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत देशज ज्ञान परंपरा के संवर्धन उद्देश्य से आयोजित उद्यमशीलता एवं कौशल उन्नयन के तहत छग की लोक कलाओं का शिल्प संसार विषय पर आधारित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त डॉ. संतोष कुमार देवांगन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।




कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में क्षेत्रीय कार्यालय सरगुजा के अपर संचालक प्रो. रिजवान उल्लाह तथा संयुक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग प्रो. जीए घनश्याम शामिल हुए। समारोह में अपने उद्बोधन में प्रो. घनश्याम ने छात्राओं द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण और महाविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे एनईपी 2020 के कौशल विकास उद्देश्यों की पूर्ति की दिशा में सार्थक पहल बताया। उन्होंने महाविद्यालय द्वारा कागज के गुलदस्तों को प्रोत्साहित किए जाने को कार्बन उत्सर्जन में कमी के लिए सकारात्मक प्रयास कहा। अपर संचालक प्रो. रिजवान उल्लाह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्किल डेवलपमेंट की अपार संभावनाओं से भरपूर बताया। उन्होंने महाविद्यालय में संचालित नवाचार एक अद्भुत विचार पहल को अन्य संस्थानों के लिए प्रेरणादायी बताया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने आत्मनिर्भरता एवं स्वरोजगार के लिए कौशल विकास को अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने ढोकरा एवं मिट्टी शिल्प की सृजन प्रक्रिया में लगने वाले परिश्रम को रेखांकित करते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया। मुख्य अतिथि डॉ. देवांगन ने महाविद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति की पहचान उसकी कला से होती है, वेशभूषा से नहीं। उन्होंने महाविद्यालय के विभिन्न नवाचारों जंतु विज्ञान संग्रहालय, मशरूम उत्पादन इकाई आदि का अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कनकलता पैकरा, निर्देशन प्राचार्य डॉ. रजना नीलिमा कच्छप तथा आभार प्रदर्शन वरुण कुशवाहा ने किया।

### बीएलओ को हुए सम्मानित

मनेन्द्रगढ़। विशेष गहन पुनरीक्षण 2025-26 के अंतर्गत मतदाता सूची डिजिटलाइजेशन कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 500 से अधिक मतदाता वाले मतदान केन्द्रों पर 90 प्रतिशत से अधिक डिजिटलाइजेशन प्रविष्टि सुनिश्चित करने वाले बीएलओ को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट ने शनिवार को कलेक्टर कार्यालय में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जमीन की सरकारी...

बदतर होंगे। कांग्रेस ने इस निर्णय को तत्काल वापस लेने की मांग की और कहा कि जनता के हितों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक श्रीमती अंबिका सिंहदेव, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी ,वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, हेमसागर यादव, बिहारी राजवाड़े, आशीष यादव, राजीव गुप्ता, साधना जायसवाल, चंद्रप्रकाश राजवाड़े, जाग्रीत कुर्रे, विकाश श्रीवास्तव, धीरज सिंह, रियाजउद्दीन, रवि राजवाड़े, आशीष डबरे, सौरभ गुप्ता, दीपक गुप्ता, युसूफ इराकी, मो. वसीम अधिवक्ता, वसीम, फारोग, मनीष सिंह, धीरू शिवहरे, मोनू मांझी, सुनील गुप्ता, विपुल शुक्ला, रामायण सिंह, एजाज गुड्डु, एसएन मोदी, रामसाय सोरी, संतोष गोयन, विजय चक्रधारी, हीरालाल साहू, दिलीप टोप्पो सहित काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहे।

